इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 | अंक - 177 | राजनांदगांव, शनिवार 16 मई 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## अब ईरान की दादागिरी हुई खत्म, यूएई ने भारत के लिए खोले तेल के नए रास्ते, पेट्रोल की कीमतों में आएगी भारी गिरावट

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे खतरनाक समुद्री रास्ते 'होर्मुज' पर ईरान की घेराबंदी ने पूरे ग्लोबल ऑयल मार्केट में आग लगा दी है, लेकिन अब खाड़ी से एक ऐसी खबर आई है जिसने सुपरपावर देशों से लेकर भारत तक में खलबली मचा दी है।

ईरान की दादागिरी को खत्म करने के लिए यूएई ने बड़ा दांव चल दिया है। होर्मुज स्ट्रेट की घेराबंदी को धता बताते हुए यूएई अब 'वेस्ट-ईस्ट पाइपलाइन' के जरिए सीधे अरब सागर से तेल एक्सपोर्ट करेगा। क्राउन प्रिंस ने ADNOC को साल 2027 तक क्षमता दोगुनी करने का सख्त आदेश दिया है। इस मास्टरस्ट्रोक से भारत को सबसे ज्यादा फायदा होगा। शिपिंग खर्च और इंश्योरेंस कम होने से देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी गिरावट आने की उम्मीद है।

### होर्मुज को घुटने पर लाएगा यूएई

ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच छिड़ी जंग ने दुनिया की 20 प्रतिशत तेल सप्लाई करने वाले होर्मुज स्ट्रेट पर ताला जड़ दिया है। कुवैत और कतर जैसे देश बूंद-बूंद तेल के लिए तरस रहे हैं, लेकिन इसी बीच संयुक्त अरब



अमीरात (UAE) ने मास्टरस्ट्रोक खेल दिया है। यूएई ने अपनी 'वेस्ट-ईस्ट पाइपलाइन' प्रोजेक्ट की रफ्तार को 10 गुना बड़ा दिया है। इसका मकसद साफ है 2027 तक होर्मुज को पूरी तरह बायपास करके फुजैराह के रास्ते दोगुना तेल एक्सपोर्ट करना। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस ने एक ऐसा आदेश दिया जिसने खाड़ी की जियोपॉलिटिक्स बदल दी है।

### प्रिंस का सख्त आदेश - 'इसे जल्द पूरा करो'

अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद ने साफ कर दिया है कि अब इंतजार का वक्त खत्म हो चुका है। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में निर्देश दिए हैं। अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी को वेस्ट-ईस्ट पाइपलाइन प्रोजेक्ट को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया है। प्रिंस ने कहा कि पाइपलाइन का निर्माण जारी है और इसके सला 2027 में चालू होने की उम्मीद है।

### भारत में सस्ता होगा पेट्रोल

यूएई का यह कदम भारत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अभी तक भारत को आने वाला तेल होर्मुज के रास्ते आता था, जहां युद्ध के कारण जहाजों का इंश्योरेंस और रिस्क प्रीमियम आसमान छू रहा था। लेकिन अब नजारा बदलने वाला है।

**सस्ता तेल:** शिपिंग का खर्चा कम होने से भारत के इम्पोर्ट बिल में भारी गिरावट आएगी।

**डायरेक्ट सप्लाई** - फुजैराह पोर्ट सीधे ओमान की खाड़ी में खुलता है, यानी तेल सीधा भारत पहुंचेगा।

**टेंशन फ्री बिजनेस**- अब युद्ध हो या ब्लॉककेड, भारत को यूएई से मिलने वाले 6 लाख बैरल प्रतिदिन तेल पर कोई खतरा नहीं मंडराएगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## विदेश यात्रा पर टैक्स की खबरों को पीएम मोदी ने बताया फर्जी, बोले- कोई प्रतिबंध या फैसला नहीं लिया गया



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेशी यात्रा पर टैक्स, सेस या सरचार्ज लगाने की खबरों को पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया है। उन्होंने साफ कहा कि ऐसी किसी भी योजना को लेकर सरकार की ओर से कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि यह पूरी तरह से झूठ है। इस तरह की खबरों में एक भी सच्चाई नहीं है और सरकार का फोकस आम लोगों के जीवन को आसान बनाने पर है।

### 'कोई प्रतिबंध लगाने का सवाल ही नहीं'

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि विदेश यात्रा पर किसी भी प्रकार की रोक या प्रतिबंध लगाने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। उनका कहना था कि ऐसी अफवाहें देश की नीतिगत दिशा को गलत तरीके से पेश करती हैं।

एक मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया था कि सरकार विदेशी यात्रा पर नया टैक्स या सरचार्ज लगाने पर विचार कर रही है। दावा किया गया कि यह प्रस्ताव उच्च स्तर पर चर्चा में है और इसका उद्देश्य युद्ध संबंधी वित्तीय दबाव को संतुलित करना हो सकता है। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया था कि यह संभावित शुल्क अस्थायी हो सकता है और इसका उपयोग इम्पोर्ट खर्च और कच्चे तेल की कीमतों के दबाव को कम करने के लिए किया जा सकता है। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी।

### पीएम मोदी ने की थी देशवासियों से विदेश न जाने की अपील

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मई को हैदराबाद में एक कार्यक्रम के दौरान पश्चिम एशिया संकट और देश के आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए नागरिकों से कुछ महत्वपूर्ण अपील की। उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में छोटे-छोटे कदम भी देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया कि फिलहाल एक साल तक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नीट-यूजी की 21 जून को होगी दोबारा परीक्षा, 14 जून तक जारी होंगे एडमिट कार्ड - शिक्षा मंत्री प्रधान

नयी दिल्ली। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने घोषणा की है कि नीट-यूजी की दोबारा परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी और छात्रों को 14 जून तक प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे।



श्री प्रधान ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगले वर्ष से नीट परीक्षा ओएमआर शीट के बजाय कंप्यूटर आधारित मोड में कराई जाएगी। साथ ही इस बार दोबारा परीक्षा देने वाले छात्रों को अपनी सुविधा के अनुसार परीक्षा शहर चुनने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाएगा, ताकि उन्हें यात्रा और अन्य परेशानियों का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि तीन मई को आयोजित परीक्षा के बाद सात मई को कुछ शिकायतें सामने आई थीं, जिसके बाद सरकार ने तत्काल जांच शुरू कर दी। जांच में 12 मई तक यह स्पष्ट हो गया कि 'गेस पेपर' के नाम पर असली प्रश्नपत्र के सवाल बाहर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि सरकार नहीं चाहती कि शिक्षा माफिया की वजह से किसी मेहनती और ईमानदार छात्र का भविष्य प्रभावित हो।

उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। परीक्षा माफियाओं के खिलाफ सरकार की लड़ाई जारी रहेगी और इस बार जांच एजेंसियां पूरी सख्ती से कार्रवाई करेंगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों को कठोर दंड भुगतना पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं से सावधान रहने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में फर्जी खबरें बड़ी चुनौती बन चुकी हैं, इसलिए छात्र और अभिभावक केवल सरकार या एनटीए की ओर से जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। प्रधान ने कहा कि एनटीए हर साल करोड़ों छात्रों की परीक्षाएं आयोजित करता है और 'जीरो एरर' सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि छात्रों के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाया जाएगा।

## पहले दूध, अब सीएनजी और पेट्रोल-डीजल महंगा... जिसका डर था वही हुआ, 48 घंटे में 3 बड़े झटके!




नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के बीच जिसका डर था वो हो गया. महंगाई डायन ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है. आम आदमी पर दूध के बाद अब सीएनजी और पेट्रोल-डीजल वाली महंगाई की मार पड़ी है. जी हां, ईंधन संकट की आहट के बीच अब पेट्रोल-डीजल और सीएनजी की कीमतों में बड़ा इज़ाफा हो गया है. जिस बात को लेकर आशंका जताई जा रही थी, वह शुक्रवार को सच हो गया. पेट्रोल-डीजल के दाम में करीब तीन रुपए से अधिक की बढ़ोतरी हो गई है. वहीं, सीएनजी के दाम भी बढ़ गए हैं. जी हां, महंगाई से जूझ रहे आम आदमी को पिछले 48 घंटे में एक के बाद एक तीन बड़े झटके लगे हैं. पहले दूध के दाम बढ़े, फिर मुंबई में सीएनजी गैस महंगी हुई और अब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो गई है. इतना ही नहीं, अब देशभर में भी सीएनजी के दाम में दो रुपए की बढ़ोतरी हो गई है. लगातार बढ़ती कीमतों ने घर के बजट पर नया दबाव डाल दिया है. रसोई से लेकर सफर तक हर चीज महंगी होती नजर आ रही है, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई है.

सबसे पहले जानते हैं कि आज पेट्रोल-डीजल कितना महंगा हुआ है. दरअसल, देशभर में पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है. पेट्रोल रु. 3.14 प्रति लीटर महंगा होकर रु. 97.77 तक पहुंच गया है, जबकि डीजल रु. 3.11 प्रति लीटर बढ़कर रु. 90.67 हो गया है.

### ईरान जंग की वजह से महंगाई की मार

ईरान जंग का असर पूरी दुनिया में दिख रहा है. भारत में महंगाई भी उसी का असर है. सबसे पहले परसों यानी बुधवार को दूध महंगा हुआ था. उसके ठीक बाद कल यानी गुरुवार को मुंबई में छ्हृत्न के दाम बढ़ गए. अब आज यानी शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल के रेट भी बढ़ गए हैं. इस तरह महज 48 घंटे में तीन बड़े झटके लगने से घरेलू बजट बिगड़ गया है. पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ेंगे, इसकी आशंका जताई जा रही थी. खुद सरकार भी इसे मान रही थी. तभी तो पीएम मोदी ने पेट्रोल-डीजल बचाने की लोगों से अपील की थी. वह खुद भी कम गाड़ियों वाले काफिले से चल रहे हैं. ऐसे में अब आम आदमी की जेब पर बोझ बढ़ना तय है. पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का असर सिर्फ वाहन चलाने वालों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका असर हर चीज पर पड़ता है. ट्रांसपोर्ट महंगा होने से सब्जियों, राशन और रोजमर्रा के सामान की कीमतें भी बढ़ सकती हैं.

## छत्तीसगढ़ का मैनपावर सप्लाई घोटाला : हाईकोर्ट ने खारिज की अनवर ढेबर की जमानत याचिका

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मैनपावर सप्लाई घोटाले में आरोपी अनवर ढेबर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि आर्थिक अपराध सामान्य अपराध नहीं होते, बल्कि ये समाज और देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वाली सुनियोजित साजिश होते हैं।



कर्मचारियों के ओवरटाइम भुगतान में गड़बड़ी से जुड़ा मामला है। ईडी की जांच में 28.80 लाख रुपये नकद मिले थे। आरोप है कि कर्मचारियों के ओवरटाइम के पैसे में भ्रष्टाचार किया गया। जांच के बाद मिले सबूत के आधार पर एसीबी ने धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है।

अनवर ढेबर पर आरोप है कि उन्होंने अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर सीएसएमसीएल के कामकाज और पैसों के फैसलों में दखल दिया। जांच रिपोर्ट के मुताबिक, संस्था को मैनपावर सप्लाई करने वाली निजी एजेंसियों के बिल तब तक पास नहीं किए जाते थे, जब तक वे तय रकम कमीशन के रूप में नहीं मिल जाता था।

जांच में यह भी सामने आया है कि शुरुआत में कमीशन तय दर पर लिया जाता था, लेकिन बाद में अनवर ढेबर के निर्देश पर इसे बढ़ाकर बिल राशि का एक-तिहाई या उससे ज्यादा कर दिया गया। आरोप है कि चुनाव के नाम पर अवैध वसूली और बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए थे।

### रिश्वत मामले की जांच में मिले थे सबूत

मामले में निगम के तत्कालीन अधिकारियों और कुछ निजी लोगों पर पैसे पहुंचाने वाले माध्यम के तौर पर काम करने का आरोप है। वे एजेंसियों से रकम लेकर अनवर ढेबर तक पहुंचाते थे। ईडी ने 29 नवंबर 2023 को ट्रैप कार्रवाई के दौरान ईगल हंटर साल्यूशंस एजेंसी के कर्मचारियों को 28.80 लाख रुपये की रिश्वत देते हुए पकड़ा था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नीट पेपर लीक कांड : सीबीआई ने केमिस्ट्री लेक्चरर पीवी कुलकर्णी को किया गिरफ्तार, बताया मास्टरमाइंड

नई दिल्ली/पुणे। देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुणे के केमिस्ट्री लेक्चरर पीवी कुलकर्णी को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी का दावा है कि कुलकर्णी ने परीक्षा से पहले एक प्राइवेट ट्यूशन सेशन के दौरान छात्रों को प्रश्न लीक किए थे।

सीबीआई के अनुसार, आरोपी पी. वी. कुलकर्णी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ा हुआ था। इसी वजह से उसे 3 मई 2026 को आयोजित नीट-यूजी परीक्षा के प्रश्नपत्रों तक पहुंच मिली हुई थी। एजेंसी का आरोप है कि कुलकर्णी ने अपनी जिम्मेदारी और पद का दुरुपयोग करते हुए प्रश्नपत्र बाहर पहुंचाए।

जांच में सामने आया है कि परीक्षा से पहले कुछ छात्रों को विशेष ट्यूशन सेशन में संभावित सवाल बताए गए थे। बाद में जांच एजेंसियों को मिले इनपुट और डिजिटल सबूतों के आधार पर सीबीआई ने कुलकर्णी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद औपचारिक गिरफ्तारी की गई। 3 मई को आयोजित हुई इस परीक्षा में लगभग 22 लाख छात्रों ने हिस्सा लिया था। यह परीक्षा उन उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जाती है जो एमबीबीएस बीडीएस और अन्य




मेडिकल कोर्सेज में अंडरग्रेजुएट स्तर पर प्रवेश लेना चाहते हैं।

परीक्षा के कुछ दिनों बाद ही पेपर लीक के आरोप सामने आने लगे। विवाद उस समय और बढ़ गया जब राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) ने मामले में जांच शुरू की। इसके बाद 12 मई को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया। एनटीए ने 10 मई को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा था कि एजेंसी राजस्थान एसओजी द्वारा शुरू की गई कार्रवाई और कथित अनियमितताओं से जुड़ी रिपोर्टों से अवगत है। ह्न्न के मुताबिक, 3 मई को परीक्षा तय कार्यक्रम और सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत आयोजित की गई थी।

### अब तक 7 गिरफ्तारियां

सीबीआई ने अब तक जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे और अहिल्यानगर से कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें से 5 आरोपियों को पहले ही अदालत में पेश किया जा चुका है, जहां से उन्हें विस्तृत पूछताछ के लिए 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

वहीं, कल गिरफ्तार किए गए बाकी 2 आरोपियों को आज पुणे की अदालत में पेश किया जा रहा है। सीबीआई उन्हें ट्रांज़िट रिमांड पर लेकर दिल्ली लाने की तैयारी में है, जहां आगे की पूछताछ और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जांच एजेंसी का मानना है कि इस पेपर लीक रैकेट में कई राज्यों तक फैला बड़ा नेटवर्क शामिल हो सकता है। राजस्थान एसओजी की शुरुआती जांच में एक बड़ा खुलासा हुआ। जांच के दौरान पुलिस को हाथ से लिखे सवालों का एक सेट मिला, जिसे 'गेस पेपर' बताया जा रहा था। हालांकि, बाद में यह पाया गया कि उस गेस पेपर के कई सवाल वास्तविक नीट परीक्षा से मेल खाते थे।जांच में सामने आया कि जीव विज्ञान के सभी 90 प्रश्न और रसायन विज्ञान के सभी 45 प्रश्न उस कथित गेस पेपर में मौजूद थे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पूर्व मंत्री राजेश मूणत फर्जी सेक्स सीडी कांडः आपराधिक अभियोग लगाने के फैसले को चुनौती, सीबीआई को नोटिस

बिलासपुर। पूर्व मंत्री राजेश मूणत से जुड़े बहुचर्चित फर्जी सेक्स सीडी मामले में नया कानूनी मोड़ आ गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पूर्व राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा ने रायपुर सत्र न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ आपराधिक अभियोग तय किए जाने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। मामले की सुनवाई जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल की सिंगल बेंच में हुई। कोर्ट ने सीबीआई को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई जुलाई में होगी।



यह मामला वर्ष 2017 और 2018 में छत्तीसगढ़ की राजनीति का सबसे चर्चित विवाद बना था। तत्कालीन मंत्री राजेश मूणत से जुड़ी कथित अश्लील सीडी के प्रसार को लेकर राज्य पुलिस ने कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल और विनोद वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। एक शिकायत में भयादोहन और धन उगाही का आरोप लगाया गया था, जबकि दूसरी एफआईआर भाजपा कार्यकर्ता प्रकाश बजाज की शिकायत पर आईटी एक्ट के तहत दर्ज हुई थी।

पहली एफआईआर के बाद 26-27 अक्टूबर 2017 की रात गाजियाबाद स्थित विनोद वर्मा के घर पर पुलिस ने छापा मारकर उन्हें गिरफ्तार किया था। इसके विरोध में अगले दिन भूपेश बघेल ने प्रेस कांफ्रेंस कर कथित सीडी पत्रकारों के बीच वितरित की थी। बाद में दोनों मामलों की जांच सीबीआई को सौंप दी गई।

### साबित नहीं, फिर भी सभी मामलों को जोड़ दाखिल किया आरोप-पत्र

सीबीआई तय समय में चालान पेश नहीं कर सकी थी, जिसके चलते (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## हैदराबाद-जयपुर स्पेशल एक्सप्रेस में लगी आग, स्टेशन में मच गई अफरातफरी



हैदराबाद। हैदराबाद-जयपुर स्पेशल एक्सप्रेस में आग लगने की जानकारी सामने आई है। यह आग तब लगी जब ट्रेन खुलने के लिए तैयार हो रही थी। घटना के बाद स्टेशन परिसर अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार किसी भी पैसेंजर के हताहत होने की खबर नहीं है। जिस दो कोच में आग लगी, वहां कोई भी पैसेंजर या और कोई मौजूद नहीं था। यह घटना हैदराबाद के नामपल्ली रेलवे स्टेशन की है। ट्रेन के थ्री-टियर एसी कोच के बी-1और बी-2 डिब्बों में आग लग गई थी। आग लगने के तुरंत बाद रेलवे सुरक्षा बल एक्टिव हो गए थे।

आग लगने के बाद स्टेशन पर मौजूद यात्रियों में डर का माहौल बन गया। लोग जल्दबाजी में प्लेटफॉर्म से दूर हटने लगे। रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत स्थिति संभाली और यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शुरू कर दिया। मौके पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), स्टेशन प्रशासन और दमकल विभाग की टीमें तेजी से पहुंचीं। आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की तीन गाड़ियों को लगाया गया। काफी देर तक फायर कर्मियों ने मशक्कत की, जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। राहत की बात यह रही कि आग दूसरे डिब्बों तक नहीं फैल पाई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

## एमपी हाईकोर्ट का बड़ा फैसला : भोजशाला को माना वाग्देवी मंदिर; धार-इंदौर प्रशासन अलर्ट

धार। मध्यप्रदेश के बहुचर्चित धार भोजशाला विवाद में हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए भोजशाला को वाग्देवी (सरस्वती) मंदिर माना है। कोर्ट ने एएसआई सर्वे रिपोर्ट को अहम आधार मानते हुए परिसर का संरक्षण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के पास रखने और हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार देने की बात कही।



फैसले के बाद धार और इंदौर प्रशासन अलर्ट मोड पर है, वहीं जुमे की नमाज को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मुस्लिम पक्ष भोजशाला को कमाल मौला मस्जिद बताता रहा है, जबकि हिंदू संगठन इसे माता वाग्देवी का प्राचीन मंदिर मानते हैं। शुक्रवार को कोर्ट ने मुस्लिम पक्षकारों को मस्जिद के लिए सरकार से जमीन मांगने के लिए कहा है।

### सुप्रीम कोर्ट में कैविएट याचिका

यह जानकारी भी सामने आई है कि, धार के भोजशाला विवाद मामले में हिंदू पक्ष ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में कैविएट याचिका दाखिल की है। याचिका में अनुरोध किया गया है कि, मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली किसी भी अपील पर हिंदू पक्ष की बात सुने बिना कोई फैसला या आदेश जारी न किया जाए।

### भोजशाला फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे- धार शहर काज़ी वकार सादिक

धार भोजशाला मामले के फैसले पर धार शहर काज़ी वकार सादिक ने कहा, 'हम उस फैसले की समीक्षा करेंगे जो हमारे खिलाफ दिया गया है। हम इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे।

### हिंदुओं को पूजा का अधिकार मिला-विष्णु शंकर जैन

एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने कहा कि कोर्ट ने भोजशाला परिसर को हिंदू मंदिर के रूप में मान्यता देते हुए हिंदुओं को पूजा-अर्चना का अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि अदालत ने मुस्लिम पक्ष से सरकार को आवेदन देने को कहा है, जिसके बाद धार में वैकल्पिक जमीन देने पर विचार किया जाएगा। फैसले के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर है और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आज पति की दीर्घायु के लिए महिलाएं रखेंगी वट सावित्री व्रत, शनि जयंती की भी रहेगी धूम



राजनांदगांव (दावा)। आज जेष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को न्याय के देवता भगवान शनि महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी वहीं सौभाग्वती महिलाओं द्वारा आज अपने पति की दीर्घायु के लिए वट सावित्री का व्रत किया जाएगा।

बता दें कि पौराणिक काल में सती सावित्री ने अपने पति सत्यवान की अकाल मृत्यु होने पर अपने सतीत्व के बल पर मृत्यु के देवता यमराज से उसके प्राण वापिस ले आई थी। उस दिन से सनातनी महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और अपने सदा-सुहागन बने रहने के लिए वट सावित्री का व्रत रख कर वट वृक्ष का पूरे विधि-विधान से पूजन अवश्य करती है। आज 16 मई शनिवार को वट सावित्री व्रत पूरे श्रद्धा भक्ति के साथ करने के लिए महिलाओं ने तैयारी कर ली है।

### वट सावित्री व्रत को लेकर सजा बाजार

शहर के युवा ज्योतिषी दिवाकर बाजपेई ने बताया कि अमावस्या के दिन मनाए जाने वाले इस व्रत की तिथि आज 16 मई शनिवार की सुबह सवा 5 बजे के करीब प्रारंभ हो जाएगी जिसका समापन 17 मई रविवार की रात को होगा। महिलाएं इस पर्व की तैयारियों में जुटी है। वहीं इस धार्मिक मान्यता वाले पर्व को लेकर शहर का बाजार भी सज गया है। शहर के जयस्तंभ चौक समीप पूजा - सामग्रियो की दुकानें करीने से सजी हुई है। दुकानों में इस बार फ़ूल -पत्र दूबी, आदि के साथ मौसमी फल, स्त्रियो की सौंदर्य प्रसाधन की सामग्रियां चुड़ी फूंदरी चूनरी,वट वृक्ष में लपेटने के लिए मौली धागा, पान सुपारी नारियल इत्यादि के अलावा राहर काड़ी व वट वृक्ष के पत्ते बाजार में बिकने आए हैं। इसी तरह वट सावित्री व्रत में वट वृक्ष की पूजा के दौरान पहनने के लिए नए परिधान व वस्त्राभूषणों के लिए बाजार में इसकी मांग देखी जा रही है।

### वट वृक्ष की होगी विधि-विधान से पूजा

बहरहाल आज सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा निर्जला व्रत रखें जाने अवसर पर उनका पूरा दिन श्रद्धा भक्ति भाव मे बीतेगा। भजन कीर्तन के आयोजन भी होंगे। दोपहर बाद सभी महिलाएं वट वृक्ष के नीचे एकत्रित हो कर बरगद वृक्ष का विधि-विधान से पूजा करेंगी। पति के साथ सात जन्मों का साथ रहे इसलिए वृक्ष की सात बार परिक्रमा कर उसमें रक्षा सूत्र बांधेंगी। साथ ही पंडित पुरोहित के मुख से सती नारी सावित्री और सत्यवान की कथा सुनेंगी और बड़े-बूढ़ों की पैर छूकर कर आशीर्वाद ग्रहण करते हुए अपने पति की दीर्घायु की कामना के साथ धन्यता महसूस करेंगी.

### शहर में शनि जयंती की बिखरेंगी छटा

आज 16 मई शनिवार को शहर के शनि मंदिरों में न्याय के देवता शनि महाराज जी की जयंती की धूम बनी रहेगी। शहर के कामठी लाईन स्थित प्राचीन सिद्धपीठ शनि मंदिर के अलावा भरकापारा तालाब पार स्थित नवग्रह शनि मंदिर,स्टेशन पारा स्थित शनि मंदिर सहित शहर की रियासत कालीन धरोहर रानीसागर तालाब तट स्थित शनि धाम में आज भगवान शनि महाराज के पूजन अर्चन का माहौल बना रहेगा। भक्तजन शनि भगवान में काला कपड़ा नारियल, भोग प्रसादी सहित तैलादि चढ़ा कर अपने घर परिवार की सुख-शांति खुशहाली की कामना करेंगे। बता दें कि शनि जयंती पर्व को लेकर रानीसागर तट के शनिधाम में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसके तहत 15 मई की शाम जहां शनिधाम में जगमग दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया और जयंती पर्व की खुशियो में जमकर आतिशबाजी की गई। शनिधाम के राकेश ठाकुर अधिवक्ता ने बताया कि आज शनि जयंती के दिन 16 मई शनिवार को शनि धाम में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति में शाम 7 बजे शनि देव की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया है तत्पश्चात प्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित है।

# अखंड सौभाग्यवती का व्रत वट सावित्री पूजा- देवकुमार निर्वाणी





राजनांदगांव (दावा)। पति की दीर्घायु व स्वस्थ्य के वट सावित्री व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि वट सावित्री व्रत सुहागिन महिलाएं अपनी पति की दीर्घायु प्राप्त करने के लिये परिवार की सुख समृद्धि उन्नत जीवन व स्वस्थ्य के महिलाओं के लिए यह व्रत ख़ास होती है। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा करने से माता सावित्री प्रसन्न होकर अखंड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद प्रदान करती हैं। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, अभिषेक चौबे एवं दुर्गा प्रसाद तिवारी नै संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दिनांक 16 मई 2026 दिन शनिवार को वटं सावित्री वृत व निर्जला उपवास का दिन है हिन्दू पंचांग के अनुसार वट सावित्री का वृत हर साल ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को रखा जाता है। परम्परानुसार इसी दिन सुहागिन महिलाएं अपनी पति की स्वस्थ्य सुखमय दीर्घायु लम्बी जीवन के लिये तथा सन्तान सुख के लिए वट सावित्री व्रत रखकर निर्जला उपवास करती है साथ ही परिवार की सुख समृद्धि की कामना करती हैं। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने बताया कि वट सावित्री व्रत के लिए पूजा सामाग्री में भीगे हुए चने, गेहुं, केला, मौसमी फल, लाल वस्त्र चढ़ाया जाता है तथा शुद्ध घी का दीपक से आरती की जाती है। मान्यता है कि विधि-विधान से पूजा करने से सुख समृद्धि का वास होता हैं और दरिद्रता नाश होती हैं। देवकुमार निर्वाणी ने आगे बताया कि वट सावित्री व्रत कथा के अनुसार हर परिस्थिति में अपने जीवन साथी का साथ देने का संदेश देता है। वट सावित्री व्रत कथा से ज्ञात होता है कि पतिव्रता स्त्री में इतनी ताक़त होती हैं कि वह यमराज से भी अपने पति के प्राण वापस ला सकती हैं। वहीं सास-ससुर की सेवा और पत्नि धर्म की सीख भी इस पर्व से मिलती है। सत्यवान सावित्री कथा श्रवण पश्चात् सुहाग से संबंधित सामग्रियों का दान किया जाता है। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली के लिए आपसी सामंजस्य स्थापित करने के लिए लाल गुलाब और गुड़हल के फूल अर्पित करें। लाल रंग ऊर्जा और प्रेम का प्रतीक है। इन फूलों को चढ़ाने से पति-पत्नी की रिश्तों में मधुरता बनी रहती है।

## पहला कॉलम...

### केंद्रीय विद्यालय में अध्यनरत दो जुड़वा भाईयों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



डोंगरगढ़ (दावा)। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री निज़ार जीवा के दोनों जुड़वा पुत्र अक़िफ़ जीवा और अदीब जीवा ने कक्षा 12 वी में क्रमश 88 प्रतिशतऔर 85 प्रतिशतअंक प्राप्त किया है।अक़िफ़ और अदीब ने अपने शाला केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षको का और लकबीर सर को इसका श्रेय दिया और साथ ही साथ उन्होंने अपने ईस्वर को धन्यवाद दिया और अपने स्वर्गीय दादा-दादी का आशीर्वाद भी उनके साथ है।

### सहायिका पद के लिए 1 जून तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव 15 मई 2026। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव (शहरी) अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र नवागांव वार्ड 1 क्रमांक 1 में सहायिका के 1 पद पर नियुक्ति हेतु 1 जून 2026 तक आवेदन आमंत्रित की गई है। भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदक निर्धारित तिथि तक ई-भर्ती पोर्टल URL http://aww.e-bharti.in/ पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय एवं पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है।

### सुब्रत मित्रा का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। केदार बाड़ी निवासी सुब्रत मित्रा का शुक्रवार की सुबह 7.30 बजे हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान केदार बाड़ी से दोपहर 2.30 बजे निकाली गई।

### श्रीमती पूर्णिमा दास का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। बुधवारी पारा निवासी श्रीमती पूर्णिमा दास (गोपा दास मैडम की माताजी) का 13 मई की रात्रि 10 बजे 96 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया है। वे मृदुभाषी, मिलनसार एवं अत्यंत सम्माननीय थी। उनकी स्मृति सदैव महसूस की जायेगी। उनकी अंतिम यात्रा शाम 5 बजे उनके निवास स्थान बुधवारी पारा से क्षीरपानी मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।









# भक्ति, शक्ति और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम भक्त माँ कर्मा फिल्म ने दर्शकों का जीता दिल

राजनांदगांव (दावा)। साहू समाज की अधिष्ठात्री, संत शिरोमणि भक्त माँ कर्मा जी के प्रेरणादायक जीवन पर आधारित बहुप्रतीक्षित हिंदी फीचर फिल्म भक्त माँ कर्मा का भव्य प्रदर्शन शुक्रवार 15 मई 2026 को छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न सिनेमाघरों में किया गया। राजनांदगांव स्थित सिल्वर स्क्रीन मल्टीप्लेक्स में फिल्म के प्रदर्शन को लेकर साहू समाज सहित सर्व समाज में विशेष उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।



करीब एक हजार वर्ष पूर्व माँ कर्मा जी के जीवन, उनकी अटूट भक्ति, अदम्य साहस, सेवा, त्याग, समरसता और लोककल्याण की भावना को इस फिल्म में अत्यंत भावपूर्ण एवं भव्य तरीके से प्रस्तुत किया गया है। लगभग 40 वर्षों बाद धार्मिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक एकता का सशक्त संदेश देती नजर आ रही है। यह फिल्म केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि नारी शक्ति और नारी सशक्तिकरण का भी प्रभावशाली प्रतीक बनकर उभरी है। फिल्म में दर्शाया गया है कि किस प्रकार समाज में छुआछूत और भेदभाव जैसी बाधाओं के बावजूद माँ कर्मा ने अपने अटूट विश्वास और श्रीकृष्ण के प्रति अथाह प्रेम से समाज को नई दिशा दी। जसराज सिल्वर स्क्रीन मल्टीप्लेक्स मोहारा राजनांदगांव में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक फिल्म का विशेष प्रदर्शन किया गया जिसमें जिला साहू संघ एवं समाज के अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। फिल्म देखने के बाद सभी ने इसकी मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि फिल्म में माँ कर्मा के बचपन से लेकर उनके संपूर्ण जीवन को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म बच्चे, युवा, महिलाएं एवं बुजुर्ग सहित सभी समाज के लोगों को अवश्य देखनी चाहिए और माँ कर्मा के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। रानी सूर्य देवी मुखी राजगामी संपदा की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू ने फिल्म की सराहना करते हुए कहा कि यह फिल्म समाज को सच्ची भक्ति, संघर्ष और समानता का संदेश देती है।

**राजनांदगांव में भव्य प्रदर्शन समाज के लोगों ने कहा हर परिवार को देखनी चाहिए यह प्रेरणादायक फिल्म**

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार माँ कर्मा को मंदिर में प्रवेश से रोका गया, फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी और अंततः उनकी सच्ची भक्ति ने भगवान श्रीकृष्ण को उनके सामने प्रकट होने पर मजबूर कर दिया। राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष (भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा, नई दिल्ली, रजि.-लखनऊ) रेखा दिनेश साहू ने कहा कि यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, श्रद्धा और मानवता के मूल्यों को जीवंत करने का एक सुंदर प्रयास है। उन्होंने कहा कि माँ कर्मा का चरित्र हमें कठिन परिस्थितियों में भी विश्वास और सकारात्मक सोच बनाए रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने फिल्म के कलाकारों, निर्देशक एवं पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी फिल्में समाज में संस्कार, एकता और आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देती हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू ने कहा कि फिल्म में माँ कर्मा की भक्ति और शक्ति को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया है।

उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त भेदभाव के खिलाफ माँ कर्मा के संघर्ष का ही परिणाम है कि आज सभी लोगों को मंदिरों में प्रवेश का अधिकार प्राप्त है। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती देव कुमारी साहू ने कहा कि माँ कर्मा की सच्ची भक्ति और शक्ति के कारण ही भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें दर्शन दिए। वहीं जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने कहा कि फिल्म की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने सभी समाज के लोगों से फिल्म देखने की अपील करते हुए कहा कि इसमें माँ कर्मा के संपूर्ण जीवन और उनके संघर्ष को अत्यंत सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया है। फिल्म प्रदर्शन के अवसर पर जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, राष्ट्रीय पदाधिकारी रेखा साहू, श्रीमती देवकुमारी साहू, महामंत्री नीलमणी साहू, कोषाध्यक्ष नोबल साहू, राजगामी संपदा अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, डॉ. महेश साहू, माधव साहू, चंद्रशेखर साहू, अनिल साहू, अमर साहू, तुलदास साहू, कामता प्रसाद साहू, शांति लाल साहू, नरेंद्र साहू, मंनखुशी साहू, जमुना साहू, चित्ररेखा साहू, पूनम साहू, मुनेश्वरी साहू, मोतिम साहू, नेमीन साहू, जगमोहन साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू द्वारा दी गई।

# छ.ग. कलार समाज प्रांतीय कमेटी में महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ

**समाज सेवा एवं संगठन मजबूती की दिशा में बड़ा निर्णय**



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कलार समाज की प्रांतीय कमेटी द्वारा समाज के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं निरंतर सेवाभाव को ध्यान में रखते हुए राजनांदगांव जिले के तीन वरिष्ठ एवं सक्रिय समाजसेवियों को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। समाज हित में किए जा रहे उनके उल्लेखनीय कार्यों एवं संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए यह नियुक्तियाँ की गई हैं। प्रांतीय कमेटी ने आशा व्यक्त की है कि नव नियुक्त पदाधिकारी अपने पद की गरिमा के अनुरूप सत्यनिष्ठा एवं समर्पण के साथ समाज को संगठित एवं मजबूत बनाने में महती भूमिका निभाएंगे। इन पदाधिकारियों को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी जिसमें चन्द्रिका प्रसाद सिन्हा को प्रदेश संगठन मंत्री पद की जिम्मेदारी प्रदान की गई है। रमेश कुमार सिन्हा (चिचोला) को प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है। देवजी सिन्हा (राका) को प्रदेश सह-संपादक, जिला राजनांदगांव का दायित्व सौंपा गया है।

प्रांतीय कमेटी ने कहा कि समाज के विकास, एकता एवं संगठन विस्तार में इन पदाधिकारियों का अनुभव एवं कार्यशैली समाज को नई दिशा प्रदान करेगी। इन नियुक्तियों की घोषणा के बाद कलार समाज के विभिन्न मंडलों एवं जिलों में खुशी का वातावरण देखा जा रहा है। समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने सभी नव नियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है। यह नियुक्ति आदेश समस्त जिला एवं मंडल इकाइयों को सूचनार्थ प्रेषित किया गया है। साथ ही प्रांतीय संरक्षक श्री दीपक कुमार सिन्हा को भी इसकी जानकारी प्रदान की गई है। समाजजनों का मानना है कि अनुभवी एवं कर्मठ पदाधिकारियों की नियुक्ति से कलार समाज को संगठनात्मक रूप से नई मजबूती मिलेगी तथा समाजहित के कार्यों को गति प्राप्त होगी। समाज के युवा वर्ग एवं वरिष्ठजन मिलकर सामाजिक एकता, शिक्षा, संस्कार एवं विकास के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर सकेंगे।

# शीतला मंदिर प्रागंण में हिंदू जागरण मंच का आक्रोश, उदयनिधि स्टालिन की फोटो पर बरसाई चप्पलें



राजनांदगांव (दावा)। सनातन धर्म के खिलाफ विवादित टिप्पणी को लेकर तमिलनाडु के नेता उदयनिधि स्टालिन के विरुद्ध आक्रोश की आग अब राजनांदगांव तक पहुँच गई है। बुधवार को शहर के ऐतिहासिक शीतला मंदिर प्रांगण में हिंदू जागरण मंच और विभिन्न हिंदू संगठनों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने स्टालिन के पोस्टर पर चप्पलें बरसाकर अपनी नाराजगी जाहिर की और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। हाल ही में उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म के उन्मूलन को लेकर दिए गए बयान के बाद देशभर में राजनीतिक और सामाजिक उबाल देखा जा रहा है। इसी कड़ी में स्थानीय संगठनों ने मंदिर परिसर में सभा की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने उदयनिधि स्टालिन की फोटो को जमीन पर रखा और कतारबद्ध होकर चप्पलों से प्रहार किया। कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए कि ष्सनातन धर्म का अपमान करने वालों को देश कभी माफ नहीं करेगा।

हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी ने भी सनातन के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की, तो हिंदू समाज इसी तरह सड़कों पर उतरकर ईंट का जवाब पत्थर से देगा। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हुए। हालांकि विरोध का तरीका उग्र थाए लेकिन पूरा घटनाक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मंदिर प्रांगण में हुए इस प्रदर्शन को देखने के लिए बड़ी संख्या में राहगीर भी रुके, जिससे क्षेत्र में दिनभर इस मुद्दे पर चर्चा का माहौल बना रहा।

# नीट और पीएटी की परीक्षा 21 जून को बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ - कांग्रेस



**छ.ग. सरकार PAT परीक्षा की तिथि में बदलाव कर बच्चों को दे सुविधा - रूपेश दुबे**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं अधिवक्ता रूपेश दुबे ने एन.ई.ई.टी और पी.ए.टी.की परीक्षा तिथि को रेखांकित करते हुए कहा कि दोनों तिथि एक होने से यह साबित हो गया कि डबल इंजन सरकार में सामंजस का अभाव है जिससे बच्चों का भविष्य खतरे में आ गया है। प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि जिस प्रकार से शिक्षा और परीक्षा की दुर्गति भाजपा सरकारो के द्वारा की जाती है लगातार नीट के परीक्षा के पेपर लिक मामले और उसी प्रकार छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा 12वीं के पेपर लीक के मामले सामने आए जिसके चलते बच्चों को मानसिक रूप से जहां प्रताड़ति होना पड़ा वहीं पालक वर्ग भी काफी परेशान है और अब नीट की परीक्षा निरस्त होने के बाद 21 जून को पुनः एन ई ई टी की परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी गई है जबकि 21 जून को छ.ग. पी.ए.टी की परीक्षा भी आयोजित होनी है जो साइंस फैकल्टी के बच्चे होते हैं और वे एन.ई.ई.टी. के साथ-साथ पी.ए.टी. की भी परीक्षा फार्म जमा कर चुके हैं उन बच्चों के साथ अब दुविधा की स्थिति भाजपा की सरकार ने खड़ी कर दी है एक ही दिन में दो महत्वपूर्ण परीक्षा दोनों के सेंटर अलग अलग होने पर नौनिहाल बच्चे किस प्रकार से देंगे यह यक्ष प्रश्न है छत्तीसगढ़ की भाजपा की सरकार में थोड़ी भी नैतिकता है और बच्चों के प्रति चिंता है शिक्षा और परीक्षा के सम्मान को बरकरार रखना चाहती है तो 21 जून के पी.ए.टी. की परीक्षा को निरस्त कर उसकी नई तिथि घोषित करें जिससे छत्तीसगढ़ के बच्चे अपने भविष्य को संवारने में पूरे तन-मन से लग सके।


**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक साहूकार पिता चांहगू जाति महार निवासी ग्राम-छुरिया डोंगरी, तह.-मोहला, जिला-मोहला-मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरे स्वयं के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है जिसमें नाम के स्थान श्याम सुन्दर चांहगूराम नंदेश्वर पता- मु. बोरी पो. बेतकाठी जिला- गडचिरोली (महाराष्ट्र) अंकित है, उक्त नाम गलत है, परन्तु मेरे स्वयं नाम से जारी ऋण पुस्तिका, बैंक पासबुक व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर साहूकार पिता चांहगू पता- छुरिया डोंगरी तह.-मोहला, जिला मोहला-मानपुर, अ. चौकी (छ.ग.) ग्राम अंकित है। उक्त नाम सही है इसलिए आधार कार्ड में श्याम सुन्दर चांहगूराम नंदेश्वर पता मु. बोरी, पो. बेतकाठी जिला- गड़चिरोली (महाराष्ट्र) अंकित है, उसे सुधार करवाकर साहूकार पिता चांहगू पता- छुरिया डोंगरी तह. मोहला, जिला- मोहला-मानपुर, अं.चौकी (छ.ग.) अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शा./अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान- अं. चौकी, दिनांक:-13/05/2026

आवेदक
साहूकार
निवासी-ग्राम छुरिया डोंगरी
तह.-मोहला, जिला-मो.मा.अं. चौकी



**कार्यालय,नगर निगम राजनांदगांव (छ. ग.)**

**// निविदा सूचना //**

क्र.08/निविदा/मैनुअल/लोक-11/25-26 राजनांदगांव, दिनांक 11/05/2026

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव द्वारा निम्न कार्य हेतु मैनुअल बजे तक आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा भरने की अंतिम तिथी **25/05/2026** शाम 5.30 बजे तक।

| क्रं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | **नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के विभिन्न आयोजनों एवं कार्यक्रमों के लिए विडियोग्राफी/फोटोग्राफी** | 1.50 |

निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & http://www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। किसी भी प्रकार का संशोधन, अमेडमेन्ट, शुद्धिकरण पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा।

आ.क्रं-25/जसं/26-27

आयुक्त,
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.
4-5-7
234-9 256-3
राजधानी
1-7-9
477-8 159-5

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# सुबह जमकर हुई बारिश ने उतार दी सबकी गर्मी, बारिश बाद उमस ने किया हाल-बेहाल

राजनांदगांव (दावा)। भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार की सुबह शहर में घंटे भर तक गरज-चमक के साथ बारिश हुई। इस बारिश ने भीषण गर्मी और उमस के जूझ रहे लोगों की गर्मी उतार दी। तेज धूप और पसीने छुड़ा देने वाली गर्मी से जूझ रहे लोगों को इस बारिश से काफी राहत मिली और लोग सुखकर अनुभव करने लगे। लेकिन 12 बजते ही धूप तेज होने पर उमस का प्रभाव काफी बढ़ गया जिससे लोग पसीने से तर-बतर हुए और उन्हें बैचैनी जैसे हालात से जूझना पड़ा। यह हालात अभी भी बनी हुई है। हालांकि अभी मानसून तो आया नहीं। लेकिन बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के चलते अचानक की हुई बारिश का असर जनजीवन पर देखा गया। शहर के श्रमिक बहुल इलाके और निचली बस्तियों में पानी भर गया। यही नहीं कालोनी क्षेत्र जहां पेड़-पौधे अधिक है वहां की सड़कों में पानी का रेला रहा। सुबह के समय जब गरज-चमक के साथ बारिश हुई तो कई लोग बिस्तर से उठे भी नहीं थे।

**आगामी दिनों और बन सकती है तेज हवा, मेघ गर्जन, वज्रपात सहित बारिश की स्थिति**




### गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना

लालपुर मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार पूरे प्रदेश भर में हुई इस क्षणिक बारिश से तापमान में 2, 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आयी है। आगामी 4 दिनों में मेघ गर्जन के साथ तेज हवा, वज्रपात तथा हल्की से लेकर मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है। इसकी वजह पूर्व मध्यप्रदेश के आसपास के इलाकों में समुद्र तल से 0.9 किमी उपर बने चक्रवर्ती परिसंचरण को बताया जो पूर्व -पश्चिम द्रोणिका पश्चिम मध्यप्रदेश से पूर्वी मध्यप्रदेश तक उपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण को बताया जिसकी वजह से आगामी दो-चार दिनों मे इसी तरह गरज-चमक तेज हवा के साथ वज्रपात व बारिश? होने की ओर इंगित करता है।

वैसे 14 मई गुरुवार की शाम और रात में भीषण गर्मी का माहौल बने रहने से लोग बेचैनी का अनुभव करने रहे थे। इससे लोगों ने अंदाजा लगा लिया था कि बारिश अवश्य होगी। लेकिन सुबह सबेरे ही गरज -चमक के साथ धमकेगी,,अंदाजा नहीं था। बहरहाल शुक्रवार 15 मई की सुबह बारिश हुई और अच्छी बारिश हुई जिससे सबकी गर्मी उतर गई लेकिन इस बारिश का गर्म धरती के सीने में अपनी प्यार का फुहार लुटा कर चला जाना तप्त धरती से वाष्प बन कर उठे उमस ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। लोगो को चिपचिपी गर्मी में पसीने से तर-बतर होना पड़ा। ऐसे माहौल में पंखे -कूलर एसी भी काम नहीं कर रहे थे। इससे लोगों में बेचैनी बनी हुई है।?

### *नवतपा में नौ दिनों तक अंगारे बरसाएगा सूरज*

वैसे सुबह हुई घंटे भर की बारिश का असर क्षणिक ही रहा। गर्मी और उमस से जूझ रहे लोगों को थोडी राहत मिली लेकिन अभी तो भीषण गर्मी से जूझने पूरा मई माह का पखवाड़ा व जून माह बाकी है। जिसमें सूरज भयानक रूप से तपता है। जो भीषण गर्मी का चरमोत्कर्ष रुप में जाना जाता है। नव दिनों तक अंगारे बरसाने वाला नवतपा और उसके बाद लगने वाला पांच दिनों का पंचक जिसे नवतपा का बाप कहा गया है उसका तपना बांकी है। तब गर्मी का क्या रुप होगा और इसका असर लोगों पर किस तरह दिखेगा, अंदाजा लगाया जा सकता है।

# आयुक्त सुबह पहुंचे वार्डों में सफाई व्यवस्था देखने



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा आज सुबह सफाई कार्य का निरीक्षण करने वार्डो में पहुँचे और आम्बेडकर चौक, नया बस स्टैण्ड, गौरव स्थल में साफ सफाई का औचक निरीक्षण कर सफाई में सुधार के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आम्बेडकर चौक में साफ सफाई देख चौक चौराहो की प्रतिदिन सफाई कर कचरा उठाने के निर्देश दिए। चौक मे श्रमिक भवन के पीछे के उद्यान की सफाई कर कचरा उठाने कहा। आम्बेडकर चौक के आस पास एवं मंदिर के पास के दुकानदारो को डस्टबिन का उपयोग करने, गंदगी नही फेलाने समझाईस देने कहा, दो पहिया वाहन मरम्मत दुकानदार को वाहन धोते समय गंदगी नही करने समझाईस देवे। उन्होंने कहा कि चौक के पास फ्लाई ओव्हर के नीचे होटल वालो से फैलाकर समान नही लगाने तथा साफ-सफाई रखने समझाईस देवे, गंदगी पाये जाने पर जुर्माना लगावे।

**o नया बस स्टैण्ड मे प्रतिदिन सफाई करने, निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर कार्य करने के दिये निर्देश**

नया बस स्टैण्ड निरीक्षण के दौरान बस स्टैण्ड में प्रतिदिन परिसर की सफाई कराने स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव को निर्देशित किये। हाईटेक शौचालय की नियमित सफाई करने तथा टिकट काउंटर के पास रखी अस्थाई गाड़ियों को हटवाकर साफ सफाई रखे। प्रतिक्षालय में आवश्यक मरम्मत कर रैलिंग लगाने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए। उन्होंने बस स्टैण्ड के आस पास के दुकानदारों, होटल व फल विक्रेताओ को साफ सफाई रखने, डस्टबिन का उपयोग करने, झिल्ली पन्नी यूज नही करने समझाईस देने कहा। इसके अलावा अनावश्यक बहते नल को काटने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि बस स्टैण्ड रोड में व नाली के उपर ठेला खोमचा नही लगाना है, जिनके द्वारा लगाया गया है वे हटा लेवे अन्यथा कार्यवाही की जावेगी। उन्होने गौरव स्थल के आस पास नियमित सफाई करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण कर शौचालय में समुचित सफाई के अलावा पानी की पर्याप्त उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था मुहैया कराने संचालक को निर्देशित किए।

# प्रीमियम शराब दुकान बंद करने भूमि स्वामी ने की पहल, जनहित को लेकर लिया फैसला



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए चौधरी परिवार ने एक अहं निर्णय लिया है और वो अपनी निजी जमीन पर संचालित प्रीमियम शराब दुकान को बंद करवाने का आवेदन दे चुके हैं। ज्ञात हो कि राजनांदगांव के अंबेडकर चौक में स्थित प्रीमियम शराब दुकान वरिष्ठ समाजसेवी अशोक चौधरी के स्वामित्व वाली जगह पर किराए से शासन द्वारा संचालित की जा रही थी। लेकिन अब अनुबंध पूर्ण रूप से समाप्त हो जाने के बाद उन्होंने निर्णय लिया है कि शराब दुकान को किराए से अपनी भूमि नहीं देंगे। अशोक चौधरी के पुत्र ऋषिदेव चौधरी ने आज कलेक्टर राजनांदगांव व आबकारी अधिकारी को आवेदन दे कर शराब दुकान बंद करवाने की बात कही।

इस दौरान उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने समाज में शिक्षा, समानता, जागरूकता एवं सामाजिक उत्थान के मूल्यों को स्थापित करने का कार्य किया। अंबेडकर चौक जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक एवं सार्वजनिक स्थल पर शराब दुकान का संचालन उनके आदर्शों को ठेस पहुंचाने जैसा प्रतीत होता है। यह कि इस क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, महिलाएं, बुजुर्ग एवं आम नागरिक आवागमन करते हैं। शराब दुकान के कारण सामाजिक वातावरण प्रभावित होता है तथा युवाओं पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। समाज के अनेक नागरिकों द्वारा भी समय-समय पर इस संबंध में चिंता व्यक्त की गई है।

पत्र में कहा गया है कि एग्रीमेंट अवधि समाप्त होने के कारण मेरी निजी भूमि में संचालित उक्त शराब दुकान को तत्काल प्रभाव से बंद कराने/अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की कृपा करें, ताकि क्षेत्र में सामाजिक एवं सकारात्मक वातावरण बना रहे तथा डॉ. आंबेडकर जी के आदर्शों के अनुरूप समाज हित में कार्य हो सके।

# पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय की अस्बा फातिमा बनीं कॉमर्स टॉपर, हासिल किए 87.8 प्रतिशत अंक



राजनांदगांव (दावा)। सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड के नतीजों में राजनांदगांव की बेटियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। शहर के पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय की छात्रा अस्बा फातिमा ने वाणिज्य (कॉमर्स) संकाय में 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के बाद अस्बा के घर पर जश्न का माहौल है।

**सफलता के पीछे मामा और मां का मार्गदर्शन**

अपनी सफलता से उत्साहित अस्बा ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने टाइम मैनेजमेंट और शिक्षकों के नोट्स पर फोकस किया। अस्बा ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपनी माता शाजिया कुरैशी और मामा डॉ. फैसल कुरैशी, डॉ. यासर कुरैशी व उमर कुरैशी को दिया है। उन्होंने कहा कि परिवार के संबल और शिक्षकों की मेहनत ने ही उन्हें इस लायक बनाया है।

### घर पर लगा बधाई देने वालों का तांता

परिणाम की जानकारी मिलते ही परिजनों और मित्रों ने अस्बा को मिठाई खिलाकर बधाई दी। परिवार के सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अस्बा ने मेहनत के दम पर न केवल परिवार, बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया है। सभी ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## 27 मई तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

राजनांदगांव 15 मई 2026। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव (शहरी) अंतर्गत नवागांव वार्ड 1 क्रमांक 3 में सहायिका 1 पद के लिए प्राप्त आवेदनों के निरीक्षण एवं परीक्षण पश्चात आवेदकों की पात्र-अपात्र सूची जारी की गई है। जारी सूची के संबंध में दावा आपत्ति 27 मई 2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# शासकीय उद्यान रोपणी पेण्ड्री की बगिया ग्रीष्म ऋतु में भी खुबसूरत फूलों से गुलजार

**शासकीय उद्यान रोपणी पेण्ड्री समृद्ध नर्सरी**



राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों पेण्ड्री स्थित शासकीय उद्यान रोपणी की बगिया ग्रीष्म ऋतु में भी खुबसूरत फूलों से गुलजार है। वहीं वृक्ष विभिन्न वेरायटी के आम जिनमें आम्रपाली, लंगड़ा, दशहरी, चौसा, बाम्बेग्रीन लदे हुए हैं। राहत और सुकून से भरे शासकीय उद्यान रोपणी में विभिन्न प्रजाति के पौधों का संग्रहण मन को उल्लास से भर देने वाला है। सबसे खास बात यह है कि किसानों के लिए यहां प्लग टाईप वेजीटेबल सीडलिंग प्रोडक्शन यूनिट में जापानी पद्धति से नमी, तापमान एवं प्रकाश की संतुलित मात्रा के माध्यम से बीज से थरहा तैयार किया जा रहा है। जिससे किसानों को आसानी से थरहा उपलब्ध हो जाता है। अभी यहां योगी नामधारी मिर्च की प्रजाति का थरहा लगाया गया है। किसान स्वयं बीज देकर यहां थरहा लगा रहे हैं। सीडलिंग यूनिट के जीर्णाद्धार का कार्य डीएमएफ की राशि से किया गया है। जिससे यहां पुनः किसानों के लिए अंकुरित पौधे उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। नर्सरी में कलमी पौधे, ग्रुटी पौध, शंकर पपीता, शंकर मुनगा और बिजू पौधे ब्रिकी के लिए उपलब्ध हैं। शासकीय उद्यान रोपणी पेण्ड्री समृद्ध नर्सरी है, जहां फूल एवं फलों की विभिन्न किस्में उपलब्ध है। यहां आम, अमरूद, संतरा, आंवला, लीची, अनार, पपीता, नारियल, अशोक, गंधराज, चंपा, गुलमोहर, हरसिंगार, बाटल ब्रश, चीकू, सिल्वर ओक, एक्जोरा, यूफोर्बिया, रातरानी, कदम, पीपल, बोगनविलिया, गुलाब, मनीप्लांट, अलमेंडा, रजनीगंधा, जरबेरा, कनेर, सहित विभिन्न पौधे बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

**किसानों के लिए यहां प्लग टाईप वेजीटेबल सीडलिंग प्रोडक्शन यूनिट में मिर्च का थरहा उपलब्ध**

गौरतलब है कि ऑटोमेटिक सीडलिंग प्रोडक्शन यूनिट के अंतर्गत सीडलिंग के लिए नारियल बुरादा, परलाईड, वर्मी कोलाईट का उपयोग किया जाता है। इसमें मृदा का उपयोग नहीं किया जाता। बीज का विकास मशीनरी स्वींग मेथड से होता है। प्लग टाईप वेजीटेबल सीडलिंग प्रोडक्शन यूनिट में टमाटर, बैंगन, पत्ता गोभी, फूल गोभी, खीरा, करेला, कद्दू, लौकी जैसी फसलों का सिडलिंग किया जाता है। प्रतिकूल मौसम में भी नर्सरी तैयार की जा सकती है। बीज का अंकुरण नियंत्रित वातावरण में होता है।

अधिकतम संख्या में पौधे तैयार होते हैं। प्रति एकड़ बीज की मात्रा कम लगती है। तैयार की जाने वाली पौध नर्सरी स्वस्थ, एक समान एवं रोग रहित होती है। रोपण करने हेतु सही समय पर नर्सरी तैयार हो जाती है। प्रत्येक पौधे में निर्धारित आवश्यकतानुसार जड़ों का विकास होता है। उचित जड़ों के विकास के कारण खेत में ट्रांसप्लाटिंग टीपी उपरांत पौधों की जीवितता प्रतिशत अधिक होती है। अपेक्षाकृत कम अवधि में फलन प्रारंभ हो जाता है। सभी पौधों की एक समान वृद्धि होती है।

# रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग टेडेसरा में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस




राजनांदगांव (दावा)। रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, टेडेसरा, राजनांदगांव द्वारा अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस कॉलेज परिसर एवं ग्राम नवागांव में बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। यह दिवस आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 12 मई को मनाया जाता है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने अपने सेवा, समर्पण एवं मानवता के कार्यों से नर्सिंग क्षेत्र को नई पहचान दी, जिसके सम्मान में यह दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाता है। इस अवसर पर नर्सिंग छात्र छात्राओं द्वारा ग्राम नवागांव में जागरूकता कार्यक्रम एवं स्किट प्रस्तुत किया गया। पस्किट के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य, मरीजों की देखभाल एवं समय ल पर उपचार के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों पा की जानकारी भी दी। कॉलेज परिसर में क सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण एवं नर्सिंग लि सेवा के महत्व पर विशेष प्रस्तुति आयोजित की गई। कार्यक्रम में कॉलेज अ प्रबंधन, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने नर्सों के समर्पण, त्याग एवं सेवाभाव की सराहना करते हुए उन्हें स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ बताया।

# संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने छुरिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जनपद पंचायत कार्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर एवं कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के मद्देनजर छुरिया विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जनपद पंचायत कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। संभागायुक्त श्री राठौर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया के महिला वार्ड, पुरूष वार्ड, नवजीवन कक्ष एवं प्रसूति कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही परिसर स्थित जर्जर आवासीय भवन को डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए, जिससे परिसर का विस्तार किया जा सके और बेहतर सुविधाएं विकसित हो सके। संभागायुक्त श्री राठौर ने निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में शीघ्र बाउंड्रीवाल निर्माण, ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने तथा विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए ट्रांसफार्मर लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन स्वास्थ्य केन्द्र के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया नये भवन में शिफ्ट होने पर स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं जनसामान्य को मिलेगी और ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकेंगे।

**स्वास्थ्य केन्द्र में साफ-सफाई व्यवस्था सुधारने एवं जर्जर भवन डिस्मेंटल करने के दिए निर्देश**

संभागायुक्त श्री राठौर ने जनपद पंचायत कार्यालय छुरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने जनपद पंचायत क्षेत्र में संचालित निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) शाखा का निरीक्षण कर योजना की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि जनपद पंचायत क्षेत्र में अब तक लगभग 10 हजार 300 प्रधानमंत्री आवास पूर्ण किए गया हैं। संभागायुक्त ने शेष आवासों का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासों के जियोटैग की ऑनलाइन मॉनिटरिंग कर पोर्टल में दर्ज प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने सभी आवासों का जियोटैग समय पर पूर्ण करने और ऑनलाइन प्रविष्टियों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर निर्माण कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने कहा, ताकि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनी रहे और समय-सीमा में कार्य पूर्ण हो सके। संभागायुक्त श्री राठौर ने जनपद पंचायत में ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन कार्यों में तकनीक का अधिकाधिक उपयोग कर पारदर्शिता एवं कार्यकुशलता बढ़ाई जाए, जिससे जनसामान्य को त्वरित एवं बेहतर सेवाएं उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मार्कण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनआर नवरतन, एसडीएम श्री श्रीकांत कोर्राम, सीईओ जनपद पंचायत श्री होरीलाल साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शगुन साहू के लिए खास रहा सुशासन तिहार



राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम साल्हे में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर श्रीमती शगुन साहू के लिए खास रहा। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की ओर से गुपचुप का स्टॉल लगाया था। उन्होंने बताया कि वे माँ पद्मा महिला स्वसहायता समूह से जुड़ी है और उन्होंने महिला स्वसहायता समूह से 50 हजार रूपए का ऋण लिया था। जिससे उन्होंने मुंगोड़ी और चाट का दुकान प्रारंभ किया। व्यवसाय प्रारंभ करने के बाद उनके जीवन में तरक्की की राह खुली। प्राप्त आमदनी से उन्होंने 50 डिसमिल जमीन खरीदी है और मोटर सायकल खरीदी है। उन्होंने कहा कि अब वे आर्थिक रूप से संपन्न हैं। उन्होंने बताया कि पहले जब वह शादी होकर आयी थी, तब घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। लेकिन समूह से जुड़ने के बाद आत्मविश्वास बढ़ा और आजीविका मूलक गतिविधियों से जुड़ने का फायदा मिला। प्रतिमाह 15 हजार रूपए से अधिक की आय प्राप्त हो रही है।

श्रीमती शगुन साहू ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर काम करने का अवसर मिल रहा है। इससे महिलाएं आर्थिक दृष्किोण से मजबूत बन रही हैं और उनका मनोबल भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आगे भी वे अपना व्यवसाय बढ़ाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में आने से जनसामान्य को बहुत फायदा मिल रहा है। शिविर में जनसामान्य आधार कार्ड, श्रमिक कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड बनवा सकते हैं और शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बिहान से मदद मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

**0 ग्राम साल्हे में बिहान की ओर से लगाया गुपचुप का स्टॉल**
**0 मुंगोड़ी और चाट की दुकान से हुई तरक्की, प्रतिमाह हो रही 15 हजार रूपए से अधिक आय**
**0 50 डिसमिल जमीन और मोटर सायकल खरीदी**

## अपरिहार्य कारणों से ग्राम पंचायत खुटेरी का सुशासन तिहार शिविर स्थगित

### 0 अब 18 मई को आयोजित होगा जनसमस्या निवारण शिविर

राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आज 15 मई 2026 को राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत खुटेरी में आयोजित होने वाला जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब यह शिविर राजनांदगांव विकासखंड के लिए आगामी 18 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों का निराकरण करेंगे तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। जिला प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे संशोधित तिथि 18 मई 2026 को आयोजित होने वाले शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें तथा शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# सुशासन तिहार - 2026, 3 वार्ड से 74 आवेदन प्राप्त



राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत 1 मई से 10 जून 2026 तक शहरी क्लस्टरों में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर अंतर्गत आज वार्ड नं. 14, 15 व 24 के लिए स्टेट स्कूल मैदान में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निगम सहित विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया, जहॉ नागरिकों की शिकायत एवं मांग संबंधी आवेदन लिया गया। शिविर में कुल 74 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मांग के 64 तथा शिकायत के 10 आवेदन आए।

स्टेट स्कूल के शिविर में संबंधित वार्ड के पार्षद में स्वास्थ विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, पार्षद श्री सतीश मसीह व श्री प्रमोद झंझाडे वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा उपस्थित होकर स्टालो का अवलोकन कर वार्डवासियो से आवेदन लेकर जमा करा उन्हे शासन की योजनाओ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री स्व निधि योजनांतर्गत स्वीकृत ऋण के तहत श्री तुषार गढेवाल को सब्जी व्यवसाय के लिए आईडीबीआई बैंक के माध्यम से 25 हजार रूपये एवं श्रीमती सुनीता बंजारे को सिलाई कढाई के लिए बैक आफ बडौदा से 15 हजार रूपये का ऋण पत्र प्रदान किए। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से गर्भवती महिलाओ की गोदभराई कर नवजात शिशुओ का अन्नप्राशन कराया।

**18 मई को वार्ड नं. 22,44 व 45 के लिए कमला कालेज में शिविर**

शिविर में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत 4 मई से 10 जून तक तीन चार वार्डो का क्लस्टर बनाकर जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किये जा रहे है। जहॉ सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी वार्डवासियो से उनकी मांग एवं शिकायत के संबंध में आवेदन ले रहे है। प्राप्त आवेदनो में राशन कार्ड, जन्म मृत्यु, निराश्रित पेंशन जैसे प्रकरणो का शीघ्रता से निराकरण किया जायेगा तथा पेयजल समस्या, निर्माण संबंधी कार्य का प्राथमिकता से निराकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आवेदनों को ऑनलाईन प्रविष्टि कर उसका निराकरण भी ऑनलाईन करना है, जिससे आवेदक पोर्टर में अपने आवेदन की स्थिति देख सके।

दिनांक 18 मई सोमवार को वार्ड नं. 22,44 व 45 के लिए कमला कालेज मैदान में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया है। आज के शिविर में कार्यपालन अभियंता (संविदा) यू.के.रामटेके सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> जिसने संघर्ष को अपना साथी बना लिया, उसने ही इस दुनिया में खुद को काबिल बना लिया।

### सम्पादकीय

# ट्रम्प-जिनपिंग वार्ता का मुख्य एजेन्डा - अमेरिका को ईरान और चीन को ताइवान चाहिए

ईरान के साथ युद्ध सीजफायर में होने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चीन पहुंचे। सामान्यतः कहा जाता है कि, चीन कभी भी अपने मन की बात प्रगट नहीं करता। डोनाल्ड ट्रम्प का स्वागत करते हुवे शी जिनपिंग ने इस मुलाकात को द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक 'नए विजन' की शुरूवात बताया। ट्रम्प ने शी जिनपिंग को अपना मित्र बताया।

यूं तो वैश्विक राजनीति की गलियारों में अनेक चर्चाएं होती हैं। जिसमें खास चर्चा यह होती है कि अमेरिका और चीन अपने-अपने स्वार्थ साधने के लिए एक दूसरी से हाथ मिला रहे हैं। ट्रम्प अपने तत्काल फायदे के लिए और जिनपिंग अपने दीर्घकालीन फायदे के लिए अपनी योजनाओं को सफल बनाने के लिए एक मंच पर आ गए हैं। दोनों ही दुनिया में अपना खास वजुद रखते हैं। दोनों ही कुछ अलग और उनके पीछे का अर्थघटन और इच्छाएं अलग-अलग हैं। चीन और अमेरिका की रणनीतियों में बहुत अन्तर है। ट्रम्प की स्ट्रेटजी कार्य तत्काल परिणाम लाने की, तेजी से असर दिखाने वाली और जीत को ही सर्वोपरि मानने की रहती है। दूसरी ओर, जिनपिंग और चीन एक दशक जितना योजना बनाकर काम करने को प्राथमिकता देते हैं। वे लम्बे डील करके योजना का क्रियान्वयन करते हैं।

उल्लेखनीय है कि, प्रगट में यह बैठक वैश्विक स्थिरता के ध्येय को लेकर थी, जिसमें कई बड़े फैसले लिए गए। महत्वपूर्ण यह कि ऊर्जा आपूर्ति और सुरक्षा वैश्विक अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए हार्मुज जलमार्ग को हर हाल में खुला रखना होगा। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस मार्ग के सैन्यीकरण और किसी भी प्रकार के टोल टैक्स वसूलने का कड़ा विरोध किया था। इसी के साथ, अन्य सामान्यतः दो देशों के बीच एकमतेन निर्णय होता है, वैसा ही अमेरिका-चीन के वार्तालाप में हुआ।

वास्तव में चीन की नजर ताईवान में है। जिसके कारण, ताइपेई में लोग घबराए हुवे हैं। प्रत्यक्ष में, ईरान को जमींरोज करने और तेल-युरेनियम पर कब्जा जमाने डोनाल्ड ट्रम्प चीन की मदद चाहते हैं। चीन और अमेरिका के संबंधों में सुधार के बीच सबसे बड़ी दुविधा ताईवान है। चीन ने डोनाल्ड ट्रम्प को स्पष्ट चेतावनी दी है कि ताईवान का मुद्दा चीन और अमेरिका के संबंधों में सबसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण मामला है। इसे सही ढंग से नहीं संभाला गया तो यह गंभीर संघर्ष और टकराव का रूप ले सकता है। जिससे दोनों ही देशों के संबंधों को भारी नुकसान होगा। शी जिनपिंग ने ट्रम्प को ताइवान से जुड़े मामलों में बेहद सावधानी बरतने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय कि, ट्रम्प ने पहले आरोप लगाए थे कि ताइपेई के द्वारा अमेरिका की सेमीकन्डक्टर इंडस्ट्री की चोरी की गई है। इसके सिवाय, उन्होने ताईवानी राष्ट्रपति को अमेरिका स्थित ट्रांजिक्ट स्टोपेज देनें की भी मनाही की थी।

# मोदी सरकार की दूरदर्शिता से सभी घरों में जलते रहे चूल्हे, चलते रहे वाहन



- होर्मुज की तपिश में सरकार की छाँव
- स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से सरकार को हो रहा प्रतिदिन 1000 करोड़ का नुकसान

घर-परिवार हो या कोई देश आकस्मिक आपदा किसी पर भी कभी भी आ सकती है। विगत दिनों में ईरान और अमेरिका के युद्ध के चलते होर्मुज बंद हो गया, जिसके कारण जहाजों की आवाजाही बंद हो गई। युद्ध के शुरूआती दौर में तो यह लगा था कि तेल और गैस की किल्लत से सभी जगह त्राहि-त्राहि मच जायेगी लेकिन भारत में ऐसा नहीं हुआ। सभी घरों में चूल्हे जलते रहे, वाहन चलते रहे, बच्चों की पढाई सुव्यवस्था के साथ चलती रही। यह सब कुछ तभी संभव हो सका क्योंकि हमारा मुखियाए हमारा संरक्षक जिम्मेदार और दूरदर्शी है।

हमारी सरकार ने कुशल नेतृत्व के साथ इस मुसीबत की घड़ी में अपनी बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए बढ़ती कीमतों के बोझ को अपने तक ही सीमित रखाए जनता को उस तकलीफसे रूबरू ही नहीं होने दिया। जबकि वास्तविकता तो यह है कि हमारी तेल कंपनियों को प्रतिदिन रू.1000 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ रहा है, अर्थात थोड़े में कहें तो हमारी सरकार को इस युद्ध के कारण रू.68,000 करोड़ का भारी नुकसान हुआ है। इसके अलावा इस युद्ध का बोझ हमारे तेल भंडारों पर भी पड़ रहा हैए उनका स्तर निरंतर नीचे गिर रहा है और जिसको बनाये रखने में निवेश की आवश्यकता पड़ रही है। इस सब का असर सरकार के सेंट्रल एक्साइज पर भी पड़ रहा है। यानी तीन अलग-अलग दिशाओं में भारत को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

भारी नुकसान के चलते निरंतर गिरती अर्थव्यवस्था को समय रहते सुधारना ही होगा और इसके लिए सरकार के साथ प्रत्येक नागरिक का भी दायित्व है कि वो अपनी भागीदारी समझे। ऐसे कठिन समय में जब आर्थिक मार हर घर, हर व्यक्ति तक पहुँच गई हो, गाड़ियां खड़े होने के कगार पर हों, किसी भी सरकार के लिए बहुत आसान रास्ता था इस आर्थिक बोझ को जनता के ऊपर डालकर अलग हो जाना। लेकिन हमारी संवेदनशील सरकार ने अपनी सूझबूझ से न केवल जनता को राहत दी बल्कि अपनी नीतिगत कुशलता से जनता को ऐसा छत्र दिया जिससे जनता का सामान्य जीवन अस्त व्यस्त होने से बच गया।

युद्ध न रुकने से जहाँ वैश्विक ऊर्जा संकट निरंतर बढ़ता ही जा रहा है वहीं होर्मुज का रास्ता साफहोने के भी कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि भविष्य में युद्ध विराम हो भी गया तो स्थिति को संभलने में कम से कम चार महीने लग जाएंगेए जिसके चलते अधिक समय तक तेल और गैस के दाम उच्च स्तर पर बने रह सकते हैं। परन्तु युद्ध के इस ग्यारहवें सप्ताह में सरकार द्वारा अपनाएं वर्तमान मॉडल को यदि और आगे खींचा गया तो इसके प्रतिकूल प्रभाव हमारी अर्थयवस्था पर पडने लगेंगे।

इन परिस्थितियों में हमारे सामने तीन चुनौतियां हैं. पहली चुनौती तेल भंडार से जुड़ी है। भारत का तेल भंडार आज 5.33 मिलियन टन पर हैए जो लगभग दो सप्ताह की आवश्यकता पूरी कर सकता है। आईईए मानक नब्बे दिनों का है। चंडीखोल, पादुर और बीकानेर में 6.5 मिलियन टन का दूसरा चरण निर्माणाधीन है, और इसे त्वरित समय.सीमा पर पूरा करना होगा। साथ हीए जापान और दक्षिण कोरिया के बाद भारत ही ऐसा देश है जो 30.दिवसीय एलपीजी भंडार की योजना बना रहा है। इस युद्ध से उत्पन्न संकट से पता चलता है ये हमारी आज की आवश्यकता है।

दूसरी चुनौती रिफाइनिंग और घरेलू उत्पादन की है। हमें अपनी रिफाइनिंग क्षमता को बढ़ाना होगा। इसके लिए पहले ही कदम उठाये जा चुके हैं। नुमालीगढ़, जहाँ रु. 34,000 करोड़ की लागत से 3 से 9 एमएमटीपीए तक का विस्तार हो रहा हैए उसे समय से पहले परिचालन में लाना होगा। बाड़मेर का संयंत्र अब परिचालन में है। पश्चिमी तट के एकीकृत संयंत्र विभिन्न चरणों में हैं। साथ ही घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन, जो आज मांग का मात्र 12 प्रतिशत पूरा करता है, उसको बढ़ाना होगा। तीसरी चुनौती इथनॉल ब्लेंडिंग की हैए आज बीस प्रतिशत ब्लेंडिंग करके देश 1.5 लाख करोड़ से अधिक की विदेशी मुद्रा बना पा रहा है। इस कठिन समय में वैकल्पिक ईंधन के माध्यम से एल पीजी की मांग को 70 से 75 हजार टन प्रतिदिन कम किया जा रहा है। आर्थिक नीतियों के जानकारों का कहना है कि यह केवल इसलिए संभव हुआ क्योंकि पीएनजीए मिट्टी का तेल, ईंधन तेल और बायो गैस की वैकल्पिक संरचना संकट आने से पहले ही तैयार कर ली गई थी।

जो विशेषज्ञ इस दिशा में लगातार शोध कार्य कर रहे हैं उनका मानना है कि आज की तुलना में आने वाला समय और भी कठिन होगा, तब हमें इस संकट के समय जो हमने व्यय किया उससे उबरना भी होगा और ऐसी योजनाएं जो भविष्य में हमें मजबूती दे सकें उन योजनाओं में निवेश भी करना होगा। विश्व के इस संकट के समय में जब लगभग सभी देशों में पेट्रोल की कीमतें बढ़ा दी गयीं, श्रीलंकाए पाकिस्तान में चार दिवसीय कार्य सप्ताह कर दिया गया, फिलीपींस में राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल लगा दिया गयाए भारत में जनजीवन सामान्य बना रहा। न तो भारत में कोई ईंधन राशनिंग हुई न वर्क फ्राम होम हुआए न ही स्कूल बंद हुए, न ईंधन संकट हुआ और सबसे महत्वपूर्ण बात पेट्रोल के दाम भी नहीं बढ़े। इसे कर दिखाना इतना आसान तो नहीं था पर हमारे प्रधान मंत्री के कुशल नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने शिव की भाँति युद्ध से उपजे समस्त गरल को स्वयं ही पी लिया।

हमारे नागरिकों को भी यह समझना होगा कि यह सुखद स्थिति हर समय नहीं बनी रहेगी, बदलते समय और परिस्थितियों के साथ हमें अपनी कार्य प्रणाली को भी तेजी से बदलना होगा। जनता का सहयोग और समझदारी ही वह कुंजी है जो हमें आने वाली मुसीबतों से लड़ने की, जूझने की और जीतने की ताकत देगी। हमें अपनी सरकार के प्रति कृतज्ञ बने रहते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन भी सच्चे और मजबूत इरादों के साथ ही करना होगा। धूप से बचने के लिए जिस तरह पेड़.पौधों का होना जरूरी हैए उसी तरह इस ऊर्जा संकट की तपिश से बचने के लिए हमें भी अपना योगदान देना होगा। (हिफी)

### मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026

# आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत, आसान हुआ पुराने बिजली बिलों का भुगतान

**धनंजय राठौर, संयुक्त संचालक**
**सुनील त्रिपाठी, सहायक संचालक**

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार की मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 बीपीएल, घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं के लिए एक राहत पहल है। इसके तहत पुराने बकाये पर सरचार्ज में छूट मिल रही है। बकाया बिजली बिल पर लगने वाला पूरा सरचार्ज (ब्याज) माफ या मूल बकाया राशि एकमुश्त या किस्तों में जमा करने की सुविधा। यह योजना बीपीएल, सामान्य घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को लंबे समय से लंबित बिजली बिलों के बोझ से मुक्ति दिलाने के लिए लाई गई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेशवासियों को आर्थिक राहत प्रदान करने और उनकी दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं का व्यावहारिक समाधान देने के लिए लगातार जनहितकारी निर्णय ले रही है। इसी कड़ी में शुरू की गई मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 लाखों बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत का बड़ा माध्यम बनकर उभरी है। यह योजना विशेष रूप से उन परिवारों के लिए उपयोगी है, जो पुराने बकाया बिजली बिल और बढ़ते सरचार्ज के कारण आर्थिक दबाव में थे।

**क्या है मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026**

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 राज्य सरकार की एक विशेष पहल है, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं के पुराने और लंबित बिजली बिलों का सरल समाधान उपलब्ध कराना है। योजना के तहत बकाया बिजली बिलों पर लगने वाले सरचार्ज को पूरी तरह माफ किया जा रहा है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को शेष राशि का भुगतान एकमुश्त या आसान किस्तों में करने की सुविधा भी दी गई है। पात्र श्रेणियों के उपभोक्ताओं को मूल बकाया राशि पर भी विशेष छूट का लाभ मिल रहा है।




**28 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को मिल चुकी है राहत**

राज्य शासन के अनुसार इस योजना के माध्यम से अब तक प्रदेश के 28 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को 757 करोड़ रुपए से अधिक के सरचार्ज माफ होंगे। यह आंकड़ा दर्शाता है कि योजना न केवल व्यापक स्तर पर लागू की गई है, बल्कि लाखों परिवारों के लिए वास्तविक आर्थिक सहायता का माध्यम भी बनी है।

**किन उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ**

इस योजना का लाभ मुख्य रूप से बीपीएल परिवारों, सामान्य घरेलू उपभोक्ताओं और कृषि उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। ऐसे उपभोक्ता जिनके बिजली बिल लंबे समय से बकाया हैं और जो एकमुश्त भुगतान करने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं, वे इस योजना के माध्यम से अपने बकाया का समाधान कर सकते हैं।

**योजना से होने वाले प्रमुख फायदे**

सरचार्ज की पूरी माफी, पुराने बकाया बिलों पर लगने वाला सरचार्ज अक्सर मूल राशि से भी अधिक हो जाता है। इस योजना के तहत सरचार्ज की पूर्ण माफी से उपभोक्ताओं को तत्काल बड़ी राहत मिलती है।

**आसान किस्तों में भुगतान**

बड़ी राशि एक साथ जमा करने की बाध्यता समाप्त हो जाती है। उपभोक्ता अपनी सुविधा और आर्थिक क्षमता के अनुसार किस्तों में भुगतान कर सकते हैं। घरेलू बजट पर कम दबाव और सरचार्ज माफी और किस्त सुविधा से परिवारों को अपने मासिक खर्चों का बेहतर प्रबंधन करने में मदद मिलती है।

**बिजली विच्छेदन का खतरा कम**

बकाया राशि के कारण बिजली कटने की आशंका रहती है। योजना का लाभ लेने से उपभोक्ता नियमित भुगतान व्यवस्था में लौट सकते हैं। इससे किसानों को सीधा लाभ हो रहा है। कृषि उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल के बोझ से राहत मिलती है, जिससे सिंचाई और खेती का कार्य निर्बाध रूप से जारी रह सकता है।

**मानसिक तनाव से राहत**

लंबित बिलों की चिंता से मुक्ति मिलने पर परिवार आर्थिक रूप से अधिक सुरक्षित महसूस करते हैं। जो उपभोक्ता लंबे समय से भुगतान नहीं कर पा रहे थे, उन्हें फिर से नियमित भुगतान प्रणाली से जुड़ने का अवसर मिलता है।

**योजना का लाभ कैसे प्राप्त करें**

योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता अपने नजदीकी बिजली कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त टोल फ्री नंबर 1912 पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। विस्तृत जानकारी और आवश्यक दिशा-निर्देशों के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट का उपयोग किया जा सकता है।

**योजना की अवधि**

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 1 जनवरी 2026 से 31 दिसंबर 2026 तक प्रभावशील रहेगी। राज्य सरकार ने उपभोक्ताओं से समय रहते योजना का लाभ लेने की अपील की है।

**जनहित और सुशासन का प्रभावी उदाहरण**

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 राज्य सरकार की संवेदनशील और जनोन्मुखी सोच का उदाहरण है। यह योजना केवल बकाया बिलों के समाधान तक सीमित नहीं है, बल्कि लाखों परिवारों को आर्थिक राहत, मानसिक संतोष और बेहतर वित्तीय प्रबंधन का अवसर भी प्रदान करती है।

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 उन उपभोक्ताओं के लिए अत्यंत लाभकारी है जो पुराने बिजली बिलों के बोझ से परेशान हैं। सरचार्ज माफी, मूल राशि पर छूट और आसान किस्तों जैसी सुविधाएं इसे एक प्रभावी और जनहितकारी योजना बनाती हैं। यह योजना आम नागरिकों को राहत देने के साथ-साथ उन्हें नियमित भुगतान व्यवस्था से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। प्रदेशवासियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि वे इस योजना का लाभ उठाकर अपने लंबित बिजली बिलों का समाधान करें और आर्थिक राहत प्राप्त करें।

### विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम-430: महाराज जनक ने वनवास या राज्य के निर्णय का भार श्रीराम पर ही छोड़ा



**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

दूसरे दिन प्रातः चित्रकूट सभा में आगे विचार विमर्श प्रारंभ हुआ। महर्षि वसिष्ठ ने महाराज जनक को सभा को संबोधित करने के लिए कहा। महाराज जनक ने कहा, ''उपस्थित धर्म प्रेमियों! कुमार राम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न ने अपने कार्यों से रघुवंश की यश गाथा को एक नई ऊँचाई प्रदान की है। पुत्र राम ने वनवास स्वीकार कर त्याग का एक अप्रतिम आदर्श स्थापित किया है। पुत्र भरत ने घोषित राजपद को अस्वीकार कर एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह सभा पुत्र भरत के पुत्र राम को अयोध्या वापस ले जाने के निवेदन पर निर्णय करने के लिए आयोजित हुई है।''

महर्षि वसिष्ठ ने कहा, ''आप अयोध्या राज परिवार के संबंधी हैं। आप धर्मज्ञ हैं। तत्वज्ञानी हैं। दार्शनिक हैं। न्यायप्रिय हैं। अयोध्या का शासन अभी संकट में है। कुमार राम की अयोध्या वापसी या वनवास के संबंध में आप जो मंतव्य देंगे, वह अत्यंत महत्वपूर्ण होगा और राम तथा भरत दोनों के लिए स्वीकार्य होगा।''

महाराज जनक ने कहा, ''इस विषय में अयोध्या के कुलगुरु, माताएँ और चारों कुमार, राज्य की मंत्रीपरिषद कोई भी उचित निर्णय लेने में पूरी तरह सक्षम हैं। आप सब जो निर्णय लेंगे, उसमें मेरी भी सम्मति होगी।''

महाराज जनक के इस वक्तव्य से कोई भी समाधान नहीं निकला। आज धर्म सभा को किसी न किसी निष्कर्ष पर पहुंचना ही था। श्री राम और भरत दोनों ने महाराज जनक से निवेदन किया कि वे इस संबंध में उचित और न्यायसंगत निर्णय प्रदान करें। श्रीराम ने कहा, ''पिता महाराज के जाने के बाद मैं आपमें ही पिता की छवि देखता हूँ। अतः आपका कोई भी निर्णय मेरे लिए आदेश होगा। मैं उसे निः शर्त स्वीकार करने की घोषणा करता हूँ।'' कुमार भरत ने भी ऐसा ही मंतव्य व्यक्त किया।

महाराज जनक ने धीर गंभीर वाणी में कहना प्रारंभ किया, ''हे महाज्ञानी, महर्षि वसिष्ठ! पुत्र राम, पुत्र भरत! मुझे मिले इस गौरव और सम्मान से मैं अभिभूत हूँ। अगर इस प्रश्न का निराकरण करना हो कि राम अयोध्या लौटते हैं या नहीं। तो इसका उत्तर श्री राम की इच्छा पर निर्भर होना चाहिए। यही मेरा मत है और आप लोगों के निवेदन पर मेरा निर्णय भी है।''

महाराज जनक का यह कथन सुनकर संशय के मेघ और गहरे हो गए।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर उन्हें मिलने वाली कृपापूर्ण सूझ के साथ - साथ एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### सामयिक चर्चा

# पैसा है तो सब कुछ है!



बानी बोले- ''गजाधर!
यह खबर पढ़कर आज प्रसन्न हुआ मेरा मन।
सुनिए, गैंदाटोला में शराब दुकान हटाने उग्र हुआ आंदोलन।
आठ गावों के ग्रामीणों ने ठाना ऐसे,
कि वे सब एक साथ धरने पर बैठे।
मालूम, तपती धूप के बावजूद
बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और बच्चे भी
घटना स्थल पर डटे हुए हैं।
शराब दुकान के कारण अनेक तरह की परेशानियां
उनके मन में बसे हुए हैं।
''हमें चाहिए कलम-पट्टी नहीं चाहिए दारू भट्टी।''
और फिर यह भी कि ''महिलाओं का सम्मान बेचकर
दारू बेच राजस्व कमाए।''
गजाधर! इस तरह की तख्तियां लगाए
ग्रामीण प्रदर्शन कर रहे हैं।
आप इस पर क्या कह रहे हैं?''
गजाधर गंभीर हुए, बोले-''बानी!
ग्रामीण एकदम सही आन्दोलन कर रहे है।''
बानी ने फिर प्रश्न किया
'समझ में नहीं आता गजाधर!
सरकार जगह-जगह शराब दुकान क्यों खोल रही?
गजाधर मुस्कराए, बोले-''बानी!
सरकार को इससे कमाई हो रही है।
बानी! सुनो इस आर्थिक युग की
कहावत यही है-
''पैसा है तो सब कुछ है,
पैसा नहीं, तो कुछ भी नहीं है।''
(शुक्रवार 15 मई 2026)

गिरीश बख्शी

## राशिफल

**मेष**
आज चंद्रदेव आपकी ही राशि में रहेंगे, जिससे आप भावनात्मक रूप से बहुत एक्टिव महसूस करेंगे। आपकी राशि में स्थित मंगलदेव साहस तो देंगे, लेकिन वाणी में कड़वाहट और गुस्से पर काबू रखना होगा। सूर्यदेव और बुधदेव के वृषभ राशि में जाने से आपका ध्यान अब आर्थिक स्थिरता और पारिवारिक जिम्मेदारियों की तरफ बढ़ेगा। करियर में लीडरशिप दिखाने का मौका मिलेगा और सीनियर्स आपके काम को नोटिस करेंगे।

**वृष राशि**
आज का दिन आपके लिए बहुत खास है क्योंकि सूर्यदेव और बुधदेव आपकी ही राशि में गोचर कर रहे हैं। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आपकी बातचीत की शैली प्रभावशाली होगी। शुक्र और गुरु की कृपा से धन लाभ के अवसर मिलेंगे और नेटवर्किंग से फायदा होगा। करियर में प्रैक्टिकल अप्रोच रखने से पुराने अटके काम पूरे होंगे। रिश्तों में शक और चुप्पी के बजाय खुलकर बात करना बेहतर रहेगा।

**मिथुन**
आज चंद्रदेव ग्यारहवें भाव में हैं, जो दोस्तों और सामाजिक सर्कल से लाभ मिलने का संकेत है। आपकी राशि में शुक्रदेव और बृहस्पतिदेव की मौजूदगी आपके आकर्षण और व्यक्तित्व में गजब का निखार लाएगी। हालांकि, शनिदेव काम का दबाव बढ़ा सकते हैं, जिससे मानसिक थकान महसूस हो सकती है। लव लाइफ में ईमानदारी भरी बातचीत रिश्तों को मजबूत करेगी। आर्थिक रूप से ऑनलाइन काम या मार्केटिंग से धन लाभ के योग हैं।

**कर्क**
आज चंद्रदेव आपके दसवें भाव में रहकर करियर और प्रतिष्ठा पर फोकस बढ़ा रहे हैं। मंगलदेव के प्रभाव से ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है, जिससे आप थोड़े चिड़चिड़े हो सकते हैं। सूर्य और बुध का गोचर आपके सामाजिक संबंधों और भविष्य की योजनाओं को नई दिशा देगा। दोस्तों और प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपको आर्थिक लाभ दिला सकता है।

**सिंह**
आज चंद्रदेव और मंगलदेव नौवें भाव में हैं, जिससे आपका भाग्य साथ देगा और आप लंबी यात्रा या शिक्षा की योजना बना सकते हैं। सूर्य और बुध का वृषभ राशि में गोचर आपके करियर और पब्लिक इमेज को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। आपको अथॉरिटी फिगर्स से पहचान और सराहना मिलेगी। लव लाइफ में आपका चार्म बढ़ेगा और पार्टनर के साथ भविष्य की चर्चा सुखद रहेगी। आर्थिक रूप से प्रोफेशनल कमाई में सुधार होगा।

**कन्या**
आज चंद्रदेव आठवें भाव में गोचर कर रहे हैं, जिससे भावनात्मक गहराई और अचानक होने वाले बदलावों पर ध्यान रहेगा। सूर्य और बुध का वृषभ राशि में प्रवेश आपके लिए मानसिक क्लैरिटी और लंबी दूरी की प्लानिंग में स्थिरता लाएगा। करियर में शुक्र और गुरु की कृपा से आपकी इमेज सुधरेगी और कोई नया अवसर मिल सकता है। रिश्तों के मामले में शनिदेव धैर्य की परीक्षा ले सकते हैं, इसलिए ईगो से बचें।

**तुला**
आज चंद्रदेव सातवें भाव में हैं, जिससे रिश्तों और पार्टनरशिप पर आपका पूरा फोकस रहेगा। मंगलदेव पार्टनर के साथ बहस करा सकते हैं, इसलिए धैर्य रखें। सूर्य और बुध का वृषभ राशि में गोचर जॉइंट फाइनेंस और लंबी अवधि की बचत के प्रति आपको गंभीर बनाएगा। शुक्र और गुरु के सहयोग से भाग्य चमकेगा और यात्रा के योग बनेंगे। ऑफिस में टीम वर्क से बड़ी सफलता मिल सकती है। लव लाइफ में रोमांस बढ़ेगा।

**वृश्चिक**
आज चंद्रदेव छठे भाव में हैं, जिससे आपका फोकस पेंडिंग काम निपटाने और डेली रूटीन पर रहेगा। मंगलदेव की ऊर्जा आपको चुनौतियों से लड़ने का साहस देगी, लेकिन मानसिक बेचैनी भी बढ़ा सकती है। सूर्य और बुध का वृषभ राशि में गोचर पार्टनरशिप और समझौतों के लिए अच्छा है। शुक्र और गुरु आर्थिक प्लानिंग और आपसी समझ में मदद करेंगे। हालांकि, शनिदेव प्रेम संबंधों में थोड़ी गंभीरता या निराशा ला सकते हैं।

**धनु**
आज चंद्रदेव पांचवें भाव में हैं, जिससे आपकी रचनात्मकता और उत्साह चरम पर होगा। सूर्य और बुध का वृषभ राशि में प्रवेश आपके डेली वर्क रूटीन और हेल्थ मैनेजमेंट को व्यवस्थित करेगा। मंगलदेव के प्रभाव से कॉम्पिटिटिव भावना बढ़ेगी, लेकिन जल्दबाजी में फैसले लेने से बचें। शुक्र और गुरु पार्टनरशिप और सामाजिक सहयोग दिलाने में सहायक होंगे। लव लाइफ में पैशन रहेगा और कपल्स क्वालिटी टाइम बिताएंगे।

**मकर**
आज चंद्रदेव चौथे भाव में रहकर घर-परिवार और भावनात्मक सुरक्षा की ओर आपका ध्यान ले जाएंगे। सूर्य और बुध का वृषभ राशि में गोचर आपकी क्रिएटिविटी और आत्मविश्वास को बढ़ाएगा, खासकर छात्रों के लिए यह समय अच्छा है। शनिदेव आपकी कम्युनिकेशन स्किल्स और फैसलों को मैच्योरिटी देंगे। लव लाइफ में पुरानी बातों पर चर्चा होगी चर्चा होगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी, नए अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ**
आज चंद्रदेव तीसरे भाव में रहकर आपके साहस और कम्युनिकेशन को मजबूत करेंगे। सूर्य और बुध का वृषभ राशि में प्रवेश घरेलू शांति और भावनात्मक स्थिरता पर फोकस बढ़ाएगा। मंगलदेव के प्रभाव से जल्दबाजी में रिएक्शन देने से बचें, वरना भाई-बहनों से अनबन हो सकती है। शुक्र और गुरु आपकी लोकप्रियता और क्रिएटिविटी बढ़ाएंगे। शनिदेव आर्थिक जिम्मेदारियों के प्रति आपको सावधान रखेंगे।

**मीन**
आज चंद्रदेव दूसरे भाव में हैं, जिससे आपका पूरा ध्यान बचत और पारिवारिक मूल्यों पर रहेगा। सूर्य और बुध का वृषभ राशि में गोचर आपके साहस और नेटवर्किंग क्षमता को बढ़ाएगा। आपकी राशि में बैठे शनिदेव आपको गंभीर और अनुशासित बनाएंगे, जिससे आप सही निर्णय ले पाएंगे। हालांकि, मंगलदेव अचानक खर्चों की स्थिति बना सकते हैं, इसलिए धन के मामले में सावधानी बरतें। लव लाइफ में लगाव बढ़ेगा।

# आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. विद्यालय में किया गया

### 29 मई को प्रशिक्षण का होगा समापन

डोंगरगढ़(दावा)। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के दिशा निर्देश के अनुसार सरस्वती शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा सरस्वती शिशु मंदिरों के आचार्यों के लिए आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग का उद्?घाटन सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय डोंगरगढ़ में आज किया गया। इस उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. संजय पटवा, (कोषाध्यक्ष, विद्या भारती मध्यक्षेत्र भोपाल) एवं डॉ. देवनारायण साहू (प्रान्त संगठन मंत्री, छत्तीसगढ़ प्रान्त रायपुर) विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विशेष अतिथि के रूप में डॉ. देवनारायण प्रशिक्षण की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण का हमारे जीवन के साथ-साथ बच्चों के जीवन में भी प्रभाव पड़ता है, इसलिए हमें तन-मन लगाकर हमें प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए, ताकि हम बच्चों के वर्तमान आवश्यकता के अनुसार शिक्षा प्रदान कर सकते हैं। प्रशिक्षण एक साधना है। अतः इस प्रशिक्षण को पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें।

मुख्य वक्ता के रूप में अपनी बात प्रारम्भ करते हुए कहा कि बच्चे हमारी बात तभी सुनेंगे, जब उन्हें कुछ न कुछ



मिले। इसके लिए हमें प्रशिक्षण आवश्यक है। पहले भी अनेक शिक्षा आयोग बना पर आयोग के निर्देशों एवं सुझावों सुझावों को। को ज्यादातर दरकिनार कर दिया गया। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को 29 जुलाई 2020 को देश में लागू किया गया। यह शिक्षा नीति देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक इसरो अध्यक्ष के. कस्तुरीरंजन जी के अध्यक्षता में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाया गया। अपनी बात आगे बढ़ाते हुए पटवा जी ने कहा कि हम सभी को गौरव है कि हम विश्व के सबसे बड़े शैक्षिक संगठन विद्या भारती के आचार्य है, इसलिए हम अपने बच्चों को अपने विद्यालय में ही, अध्यापन करायें । तभी हम अन्य अभिभावकों को उनके बच्चे अपने विद्यालय में पढ़ाने के लिए प्रभावी ढंग से कह सकते हैं।

इस उद्घाटन सत्र में वनांचल सेवा न्यास के प्रान्तीय अध्यक्ष चन्द्रकिशोर श्रीवास्तव भी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अन्य अतिथि के रूप में सरस्वती शिक्षा समिति के डोंगरगढ़ के पदाधिकारी सुनील जैन लक्ष्मी नारायण अग्रवाल जी एवं विद्यालय के व्यवस्थापक अविनाश ब्राम्हण कर के साथ संकुल समन्वयक मोहन लाल साहू उपस्थित थे। यह प्रशिक्षण वर्ग 29 मई तक अनवरत चलेगी। इस वर्ग में मुख्य मार्गदर्शक के रूप में प्रान्त प्रमुख दीपक सोनी सतत लगे हुए हैं। प्रशिक्षण वर्ग में शारीरिक एवं बौद्धिक विषयों के लिए सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा चयनित प्रशिक्षक वीर सिंग यादव, जग राखन मंडावी, दिलीप जायसवाल, उत्तम कुमार साहू, कृत कुमार साहू, लिलेश्वर साहू, श्रीमती झुंपा मंडल, श्रीमती ममता पटेल, दिलीप जायसवाल, श्रीमती हेमलता यादव, दीनदयाल साहू, श्रीमती महेश्वरी कश्यप किरण साहू, श्रीमती सरोजनी कर्ष एवं श्रीमती कृष्णा वर्मा विभिन्न विषयों पर अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इस प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव के मार्गदर्शन में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदियों के साथ समस्त कर्मचारीगण के लगे हुए हैं।

# पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाई जा रही अनूठी मुहिम

### पांच लाख सीड बॉल के माध्यम से हरियाली लाने का है लक्ष्य




राजनांदगांव (दावा)। प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़ इकाई के तत्वाधान में चरमुड़िया कुरूद में राज्य स्तरीय सीड बॉल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, तथा वैज्ञानिक सोच को विकसित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के बर्ड मेन संजय साहू रहे तथा अध्यक्षता अभिषेक शुक्ला ने की। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. स्वाति गंधर्व, समीक्षा गायकवाड़, संध्या कुशल, डॉ.आशीष नायक, लखन साहू रहे। बर्ड मेन संजय साहू ने अपील की, पर्यावरण की सुरक्षा हमारे हाथों में है। प्रत्येक नागरिकों का कर्तव्य है कि,पर्यावरण को बचाने हेतु चलाई जा रही इस मुहिम में सभी आगे आए। हमारा एक कदम हमारा भविष्य सुरक्षित कर सकता है। साथ ही गौरैया के बचाव हेतु बर्ड मेन संजय साहू ने मिट्टी के घोंसले भेंट किए। तथा शिक्षा गंधर्व को पक्षी मित्र अवॉर्ड से सम्मानित किया। डॉ.स्वाति गंधर्व ने पर्यावरण के दुश्मन, प्लास्टिक के भयावह दुष्परिणाम को बताया तथा किस तरह से बेकार प्लास्टिक की पन्नी, बोतलों का उपयोग करना है उस पर विस्तृत चर्चा की। प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा की टीम प्रत्येक जिले में अपने पर्यावरण संरक्षण, बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने हेतु, विभिन्न कार्य करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ के हर कोने में हरियाली लाने हेतु पांच लाख सीड बॉल बनाकर सुरक्षित पौधारोपण करने हेतु निरंतर कार्यशील है।

## पहला कॉलम...

# बाबा मरसपोटा धाम में श्री शनिदेव जन्मोत्सव की भव्य तैयारी

### जय मां महाकाली, भव्य हनुमानजी, विशाल नदी महाराज, कछुआ बना आकर्षण का केंद्र

राजनांदगांव (दावा)। वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा स्थित बाबा मरस पोटा धाम में 16मई दिन दिन शनिवार श्री शनिदेव



जन्मोत्सव की तैयारी भव्य रूप की जा रही सुबह से शनि चालीसा का पाठ, अभिषेक एवं महा आरती के बाद चना गुड़ तील का लड्डू एवं खिचड़ी का प्रसाद वितरण भक्तों को किया जाएगा।

राजनांदगांव शहर से 16 किलो मीटर दूर वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा में स्थित बाबा मरस पोटा धाम में श्री मद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं नवरात्रि नवदिन भंडारा हनुमान जन्मोत्सव कन्या विवाह आयोजन के बाद श्री शनिदेव जन्मोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है पुरे मंदिर प्रांगण को झंडा तोरण से सजाया जा रहा है।

बाबा मरसपोटा धाम में 21 फीट भव्य हनुमान जी, 17 फीट जय मां महाकाली 18 फीट नंदी महाराज 12 ज्योतिलिंग, शनिदेव, विशाल कछुआ, गणपति जी मूर्ति आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बड़ी संख्या में भक्त रोजाना दर्शन करने दुर दुर से आते हैं।

बाबा मरसपोटा धाम के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव, अध्यक्ष दिलीप साहू, राजकुमार देवांगन, रवि साहू, विकास लिमजा, अनमोल पगारे, नीलकंठ यादव, संजय यादव, पुरषोत्तम साहू, थरवेतन साहू, चंदा निषाद, अर्जुन, गांधी साहू, मुकेश निषाद, दिलीप मेश्राम सहित बाबा मरसपोटा धाम समिति के सदस्यों श्री शनिदेव जन्मोत्सव अवसर पर आयोजित भक्तिमय कार्यक्रम में भाग लेने की अपील भक्तों से की है।

# सोलो एक्ट व नाट्य प्रतियोगिता 31 मई को

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी राजनांदगांव थियेटर ग्रुप ने अपनी परंपरा को कायम रखते हुये सोलो एक्ट व नाटय प्रतियोगिता का आयोजन किया है। यह प्रतियोगिता एक दिवसीय होगी जिसमें इंदौर, छिंदवाडा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, और छत्तीसगढ़ के नाटय दल और सोलो एक्ट कलाकार हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम 31 मई 2026 दिन रविवार को सुबह 10 बजे से मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में शुरू होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडे के अलावा पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं महापौर मधुसूदन यादव, बालाराव जी आई.जी. व सुश्री अंकिता शर्मा एस.पी. एवं अभिषेक विश्वकर्मा आयुक्त नगर निगम, आयुष जैन वनमंडलाधिकारी, सचिन अग्रहरि तथा दुष्यंतदास तथा डॉ. पी.एम. लुका डीन, मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव, श्रेयांस सिंह व राजेश मारू जी शामिल होंगे।

### थियेटर ग्रुप का आयोजन, कुल 8 टीमें करेगी शिरकत

राजनांदगांव थियेटर ग्रुप अपने नाटकों के माध्यम से भारत के कई राज्यों में अपनी प्रस्तुतियॉ देकर शहर और राज्य का नाम रौशन किया है परंतु राजनांदगांव के इतिहास में पहली बार नाटय व सोलो एक्ट प्रतियोगिता का आयोजन राजनांदगांव थियेटर ग्रुप करने जा रहा है जो शहर के लिये गौरव का विषय है। स्थान भारतरत्न स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा।

राजनांदगांव थियेटर ग्रुप के संचालक रितेश सिंगाडे ने बताया कि बाहरी प्रदेश व शहरों से आने वाले प्रतिभागियों के रहने व भोजन की व्यवस्था स्वयं राजनांदगांव थियेटर ग्रुप कर रहा है साथ ही राजनांदगांव थियेटर ग्रुप के कलाकारों का शहर वासियों से अपील है कि इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने हेतु सहयोग करें। अन्य कलाकार जिसमें आमोद श्रीवास्तव, सुरेन्द्र चंद्राकर, बेनेडिक्ट फ्रांसिस, नीरज उके, रिषभ सिन्हा, ज्योति वांडे, रूपेश कुमार साहू, फहीमुरहमान, काजल शुक्ला, रीना सेन, रागिनी सोनी, सरोज घरडे, आनंद तिवारी, संकल्प तिवारी, नवीन निर्मलकर, भूपेश सिंह, देवेन्द्र श्रीवास्तव व समस्त कलाकारों ने अपनी जिम्मेदारियॉ बाट ली है।

# नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम व उप निर्वाचन हेतु सभा, रैली एवं जुलूस की अनुमति संबंधित एसडीएम अधिकृत

राजनांदगांव (दावा)। राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम व उप निर्वाचन 2026 के लिए आदेश (समय अनुसूची) जारी किया गया है। आदेश जारी होने के साथ ही जिले के निर्वाचन क्षेत्रांर्गत आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जितेन्द्र यादव ने आदर्श आचरण संहिता के दौरान जिले के निर्वाचन क्षेत्रांर्गत निर्वाचन एवं अन्य प्रयोजनार्थ सभा, रैली एवं जुलूस के आयोजन के लिए अनुमति प्रदान करने संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अधिकृत किया है।

# पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन

डोंगरगढ़ (दावा)। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 1 से कक्षा 8 तक की निर्धारित एवं रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन दिनांक 15 मई 2026 को प्रातः 10ः00 बजे किया गया।लॉटरी प्रक्रिया के अंतर्गत कक्षा 1 में 50 सीट, कक्षा 2 में 1 सीट, कक्षा 3 में 2 सीट, कक्षा 5 में 1 सीट तथा कक्षा 8 में 6 सीट हेतु विद्यार्थियों का चयन पारदर्शिता पूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से किया गया। इस प्रक्रिया के माध्यम से कुल 60 विद्यार्थियों का चयन किया गया।यह प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न हुई, जिसमें लॉटरी प्रणाली के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन किया गया।




कार्यक्रम के पर्यवेक्षक एम. भार्गव (एसडीएम), अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़ रहे। इस अवसर पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुलवंत सिंह कक्कड़, जे एस चंदेल (प्राचार्य) सहित समिति सदस्य अशोक कुमार डे, ओमप्रकाश महानदी, मधुसूदन अग्रवाल एवं श्रीमती पूजा उज्जवने उपस्थित रहे।विद्यालय के प्राचार्य श्री जे. एस. चंदेल एवं समिति सदस्यगण के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रक्रिया में आवेदित विद्यार्थियों, उनके पालकों तथा विद्यालय स्टाफ के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति रही।संपूर्ण लॉटरी प्रक्रिया पी एम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगढ़ परिसर में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। विद्यालय प्रबंधन द्वारा चयनित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए आगामी प्रवेश प्रक्रिया हेतु आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए गए।

# महंगाई की मार से त्रस्त जनता, केंद्र सरकार की नीतियों पर उठ रहे गंभीर सवाल - विष्णु लोधी



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण के सचिव विष्णु लोधी ने पेट्रोल, डीजल, ष्टहृत्र एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज देश की आम जनता महंगाई की सबसे बड़ी मार झेल रही है।उन्होंने कहा कि हाल ही में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगभग ?3 प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी ने आम आदमी, किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों, बस ऑपरेटरों और मध्यम वर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है।

सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का बोझ सीधे जनता की जेब पर डाला जा रहा है। विष्णु लोधी ने कहा कि जब ईंधन महंगा होता है तो उसका असर केवल पेट्रोल पंप तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, खाद्य सामग्री, सब्जी, दूध, दवाई, स्कूल फीस, किराया और खेती-किसानी तक हर क्षेत्र में महंगाई बढ़ जाती है। इसका सबसे अधिक नुकसान गरीब और मध्यम वर्ग को उठाना पड़ता है।उन्होंने कहा कि आज देश की जनता पूछ रही है कि आखिर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें नियंत्रित होने के बावजूद भारत में पेट्रोल-डीजल लगातार महंगा क्यों हो रहा है? जनता पर टैक्स का बोझ डालकर सरकार अपनी आर्थिक विफलताओं को छिपाने का प्रयास कर रही है।

# नीट की परीक्षा को रद्द कर 22 लाख विद्यार्थी के भविष्य से खिलवाड़ का जिम्मेदार कौन - निज़ार



डोंगरगढ़ (दावा)। शहर कांग्रेस कमेटी के महामन्त्री निज़ार जीवा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा की नीट 2026 की परीक्षा को रद्द करना केंद्र की शिक्षा के प्रति उदासीनता और लापरवाही प्रदर्शित करता है कुछ लोग अपने थोड़े से फ़ायदे के लिए बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करते है इनको शर्म नहीं आती आज 22 लाख से अधिक बच्चे जो उत्साह के साथ कई-कई प्रयास के बाद परीक्षा में बैठते है और क्या हाथ लगता है परीक्षा रद्द और घोर निराशा इन सब का जवाबदार कौन कब तक इन लोगो को बचया जायेगा कौन है वो अमीर माँ बाप जो ग़रीब बच्चों का हक़ मार कर पेपर ख़रीद लेते है। यू तो परीक्षा के समय छात्रों को ये नहीं पहना ये पानी की बोतल नहीं लाना, मोबाइल नहीं लाना जैसी कड़ाई करते हो पर खुद तुम्हारे सिस्टम में बैठे लोग छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करते है। जवाबदेही कब तय होगी, क्या जिन छात्र का इस बार का पेपर बहुत अच्छा बना था क्या उन्हें विशेष अंक मिलेंगे देश की केंद्र कि सरकार और केंद्रीय परीक्षा बोर्ड ने परीक्षा को बाज़ार बना दिया है। निज़ार जीवा ने कहा जलद से जल्द जवाबदेही तय हो और पेपर को प्रसन पत्र के बजाए सीबीटी प्रणाली से कराया जाये, जिस में पेपर लीक होने जैसी घटना में विराम लगेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी की राष्ट्रहित अपील पर भाजपा का समर्थन-ज्ञानेश जैन

### कहा - प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि को देश समझ रहा

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया राष्ट्रहित अपील को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मीडिया सह-प्रभारी ज्ञानेश जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा देशहित और जनता के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं लेकिन कांग्रेस हर सकारात्मक पहल को भी राजनीतिक रंग देने का काम करती है। श्री जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी समय-समय पर ऐसे निर्णय और सुझाव लेकर आते हैं जो देश को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने में सहायक साबित होते हैं। लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जनता को गुमराह करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री की हर अपील का गलत अर्थ निकालते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति केवल विरोध तक सीमित रह गई है जबकि देश आज विकास और



आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता पहले से अधिक जागरूक और समझदार हो चुकी है। यदि कांग्रेस की बातें जनता को प्रभावित करतीं तो देशभर में उसकी सरकारें होतीं। लगातार चुनावों में कांग्रेस की हार यह साबित करती है कि जनता अब राष्ट्रहित, विकास और मजबूत नेतृत्व को प्राथमिकता दे रही है।

श्री जैन ने प्रधानमंत्री मोदी की हालिया अपील का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से एक वर्ष तक अनावश्यक सोना खरीदने से बचने, पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देने, खाद्य तेल का सीमित उपयोग करने, रासायनिक खाद पर निर्भरता कम करने, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने तथा अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। विशेष रूप से खाड़ी देशों में बढ़ते तनाव के कारण तेल और गैस की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे समय में संसाधनों का संतुलित उपयोग और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ना देशहित में अत्यंत आवश्यक है। श्री जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यह अपील केवल आर्थिक बचत का विषय नहीं है बल्कि देश को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की बड़ी सोच का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस गंभीर विषय को भी राजनीति का माध्यम बना रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने लंबे समय तक देश में शासन किया, लेकिन कमजोर नीतियों और नकारात्मक सोच के कारण देश अपेक्षित गति से विकास नहीं कर पाया। वहीं आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता, विकास और वैश्विक सम्मान की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। श्री जैन ने विश्वास जताया कि देश की जनता आने वाले समय में भी राष्ट्रहित और विकास की राजनीति का समर्थन करेगी तथा ऐसे नेतृत्व के साथ खड़ी रहेगी जो देश को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

# प्रधानमंत्री की अपील दूरदर्शी और राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण : गीता घासी साहू

राजनांदगांव (दावा)। वैश्विक तनाव, पश्चिम एशिया में बढ़ती अस्थिरता, ऊर्जा संकट और संभावित आर्थिक चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से संयमित एवं राष्ट्रहित में अनुशासित जीवनशैली अपनाने की गई अपील को प्रदेश पंचायत प्रकोष्ठ की सह संयोजक एवं राजनांदगांव जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष गीता घासी साहू ने दूरदर्शी, समयानुकूल और राष्ट्रहित में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया है। गीता घासी साहू ने जारी बयान में कहा कि वर्तमान समय में पूरी दुनिया आर्थिक अस्थिरता, ईंधन संकट और वैश्विक तनाव जैसी परिस्थितियों का सामना कर रही है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को ईंधन की बचत, सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग, वर्क फ्रॉम होम को प्रोत्साहन, स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा अनावश्यक सोना खरीदने से बचने जैसी बातों के माध्यम से आत्मनिर्भरता और आर्थिक मजबूती का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की यह अपील केवल वर्तमान परिस्थितियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इतिहास भी इस बात का साक्षी है कि जब-जब देश आर्थिक चुनौतियों से गुजरा है, तब-तब राष्ट्रीय हित में ऐसे कदम उठाने की आवश्यकता महसूस हुई है। उन्होंने वर्ष 1967 का उल्लेख करते हुए कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने भी विदेशी मुद्रा



संकट के दौरान देशवासियों से सोना नहीं खरीदने की अपील की थी।

गीता घासी साहू ने कहा कि 14 मार्च 1967 को नई दिल्ली में श्रीमती इंदिरा गांधी ने देशवासियों से आह्वान किया था कि विदेशी मुद्रा की गंभीर स्थिति को देखते हुए लोग सोने की खरीद से परहेज करें। उस समय भी देश विकास योजनाओं और आवश्यक आयातों के लिए आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा था। उन्होंने कहा था कि ''हमें राष्ट्रहित में त्याग करना होगा तथा दिखावे और फिजूलखर्ची से बचना होगा।'' गीता घासी साहू ने कहा कि यह दर्शाता है कि आर्थिक संकट के समय संयम, बचत और राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने की सोच नई नहीं है, बल्कि देशहित में समय-समय पर सभी सरकारों और नेतृत्व द्वारा अपनाई गई जिम्मेदार दृष्टि रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील आने वाले समय की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक व्यापक सोच का परिचायक है। यदि देश का प्रत्येक नागरिक छोटी-छोटी बातों में बचत और स्वदेशी को अपनाने का संकल्प लेता है तो इसका सकारात्मक प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था, ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संतुलन पर दिखाई देगा।

गीता घासी साहू ने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में ऊर्जा संसाधनों का संतुलित उपयोग अत्यंत आवश्यक है। पेट्रोल और डीजल की बचत, अनावश्यक खर्चों में कमी तथा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना न केवल आर्थिक दृष्टि से लाभकारी होगा, बल्कि इससे स्थानीय उद्योगों, किसानों और छोटे व्यापारियों को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री के सुझाव को किसानों के हित में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे खेती की लागत कम होगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश प्रत्येक नागरिक को जिम्मेदार और जागरूक बनने की प्रेरणा देता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि देशहित को सर्वोपरि रखते हुए सभी लोग संयमित जीवनशैली अपनाएं और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। गीता घासी साहू ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री के सुझावों को केवल अपील न मानें, बल्कि राष्ट्र निर्माण के अभियान के रूप में स्वीकार करें। उन्होंने कहा कि जब देश का हर नागरिक अपने स्तर पर जिम्मेदारी निभाएगा, तभी भारत वैश्विक चुनौतियों का मजबूती से सामना कर पाएगा और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा।

# कल पुरवाही का वार्षिक उत्सव, कवि सम्मेलन गर्रापार में

छुरिया (दावा)। पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा, छुरिया की वार्षिक उत्सव, सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का आयोजन 17 मई को रखा गया है। कार्यक्रम तीन सत्र में आयोजित है। प्रथम सत्र में परिचर्चा जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार %छत्तीसगढ़ के लोकजीवन में तीज तिहार का वैज्ञानिक महत्व% विषय पर चर्चा करेंगे। दूसरे सत्र में पुरवाही सम्मान समारोह जिसमें तीन साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। तीसरे सत्र में कवि सम्मेलन होगा। जिसमें उपस्थिति कवियों द्वारा सरस् काव्यपाठ किया जायेगा। पुरवाही साहित्य समिति के संयोजक ओमप्रकाश अंकुर, अध्यक्ष ग्वालाप्रसाद यादव, सचिव हेमलाल सहारे ने रसिक श्रोताओं से उपस्थिति की अपील की है।

# पहला कॉलम...

## अब एक लाइसेंस पर सिर्फ 100 किलो गोल्ड का हो सकेगा आयात

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोने के बढ़ते आयात बिल पर लगाम लगाने और घरेलू बाजार को नियंत्रित करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्टर्स के लिए शुल्क मुक्त सोने के आयात के नियमों को तत्काल प्रभाव से कड़ा कर दिया है। अब एडवांस ऑथराइजेशन के तहत कोई भी एक्सपोर्टर एक लाइसेंस पर अधिकतम 100 किलोग्राम सोना ही शुल्क मुक्त आयात कर सकेगा। इससे ज्वेलरी सेक्टर की लागत बढ़ने की संभावना है, जिसका सीधा असर आने वाले समय में सोने की कीमतों पर दिख सकता है। यह फैसला सरकार द्वारा सोने पर आयात शुल्क (इम्पोर्ट ड्यूटी) को 6त्न से बढ़ाकर 15त्न करने के बाद आया है। नए नियमों के मुताबिक जो एक्सपोर्टर पहली बार लाइसेंस के लिए आवेदन करेंगे, उनके मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा जांच की जाएगी। यह जांच इकाई की क्षमता और परिचालन स्थिति को सत्यापित करने के लिए की जाएगी। वहीं दोबारा लाइसेंस चाहने वाले एक्सपोर्टर्स को पिछले आयात के कम से कम 50त्न निर्यात दायित्व को पूरा करना होगा। ऐसा न होने पर नया आयात लाइसेंस नहीं मिलेगा।

## अमूल के बाद मदर डेयरी ने भी बढ़ाए दूध के दाम

नई दिल्ली। अमूल इंडिया के बाद अब मदर डेयरी ने भी दूध के दाम में बढ़ोतरी की है। यह बढ़ोतरी 2 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से की गई है। कंपनी ने बताया कि नई दरें 14 मई 2026 से प्रभावी हो जाएंगी। मदर डेयरी के प्रवक्ता ने कहा कि पिछले एक साल में किसानों से दूध खरीद की लागत में करीब 6 प्रतिशत की लगातार बढ़ोतरी हुई है। उपभोक्ताओं पर कम असर डालने की कोशिश के बावजूद कीमतों में संशोधन जरूरी हो गया था। कंपनी के मुताबिक, यह बढ़ोतरी पूरी लागत के मुकाबले आंशिक है और इसका उद्देश्य किसानों के हित तथा उपभोक्ताओं के बीच संतुलन बनाए रखना है। प्रवक्ता ने कहा कि मदर डेयरी अपने दूध बिक्री से होने वाली कमाई का लगभग 75 से 80 प्रतिशत हिस्सा किसानों और दूध खरीद पर खर्च करती है। इससे किसानों की आजीविका को समर्थन मिलता है और उपभोक्ताओं को लगातार गुणवत्तापूर्ण दूध उपलब्ध कराया जा सकता है। कंपनी ने बताया कि इससे पहले दूध की कीमतों में आखिरी बार अप्रैल 2025 में संशोधन किया गया था। नई कीमतों के अनुसार, बल्क वेंडेड मिल्क (टोकन मिल्क) का दाम 56 रुपए से बढ़ाकर 58 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है। फुल क्रीम दूध अब 70 रुपए की जगह 72 रुपए प्रति लीटर मिलेगा।

## भूकंप के तेज झटकों से कांपा जापान, 50 किलोमीटर की गहराई में था केंद्र

नई दिल्ली। जापान के उत्तरी हिस्से में शुक्रवार को 6.3 तीव्रता का भूकंप आया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक भूकंप का केंद्र मियागी प्रांत के तट के पास समुद्र में था।एजेंसी ने बताया कि भूकंप की गहराई करीब 50 किलोमीटर थी। झटके महसूस होने के बाद इलाके में लोगों में हल्की दहशत देखी गई। हालांकि अब तक किसी बड़े नुकसान या हताहत की जानकारी सामने नहीं आई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने साफ किया है कि भूकंप के बाद किसी तरह की सुनामी चेतावनी जारी नहीं की गई है। अधिकारियों की ओर से हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। जापान दुनिया के सबसे अधिक भूकंप प्रभावित देशों में शामिल है। यहां अक्सर छोटे और बड़े भूकंप आते रहते हैं, जिसके चलते देश में आपदा प्रबंधन व्यवस्था काफी मजबूत मानी जाती है।

## आईपीएल 2026 के डिजिटल व्यूअरशिप में जोरदार उछाल, वॉच-टाइम 7 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग का दर्शक आधार लगातार मजबूत होता जा रहा है और इसका असर इस बार डिजिटल और टेलीविज़न दोनों प्लेटफॉर्म पर साफ दिखाई दे रहा है। ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर JioStar द्वारा जारी किए गए लेटेस्ट डेटा के अनुसार, IPL 2026 के 18वें सीजन में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वॉच-टाइम में 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि दर्शक अब पहले की तुलना में ज्यादा समय तक मैचों को डिजिटल माध्यमों पर देख रहे हैं, जिससे ऑनलाइन स्ट्रीमिंग की लोकप्रियता में लगातार इजाफा हो रहा है। मोबाइल और स्मार्ट टीवी जैसे डिवाइसों के बढ़ते उपयोग ने इस ट्रेंड को और मजबूत किया है। टेलीविज़न व्यूअरशिप की बात करें तो IPL का क्रेज अब भी उतना ही मजबूत है। JioStar के मुताबिक, टीवी ऑडियंस अब 500 मिलियन के आंकड़े को छूने के बेहद करीब पहुंच चुकी है। यह आंकड़ा बताता है कि क्रिकेट प्रेमी अभी भी पारंपरिक टीवी माध्यम से बड़ी संख्या में मैच देख रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि IPL का यह बढ़ता व्यूअरशिप ग्राफ इस बात का संकेत है कि लीग ने एंटरटेनमेंट और स्पोर्ट्स के बीच एक मजबूत संतुलन बना लिया है। एक तरफ डिजिटल प्लेटफॉर्म युवा दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर टीवी दर्शक बेस भी स्थिर बना हुआ है।

## ICC के तगड़े एक्शन से पाकिस्तानी टीम को हुआ भारी नुकसान WTC 2025-27 की अंकतालिका में बचे सिर्फ 4 अंक



नई दिल्ली। किस्तान क्रिकेट टीम को लेकर आईसीसी ने तगड़ा एक्शन लेते हुए भारी जुर्माना लगाया है, जिसके साथ ही उनकी अब टेंशन बढ़ना तय है। पाकिस्तानी टीम अभी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के साइकल में दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने के लिए बांग्लादेश के दौरे पर है, जिसका पहला मुकाबला मीरपुर के स्टेडियम में खेला गया और इस मैच में पाकिस्तानी टीम को 104 रनों से हार का सामना करना पड़ा। वहीं अब आईसीसी ने मीरपुर टेस्ट में पाकिस्तानी टीम को लेकर धीमी ओवर गति के चलते बड़ा एक्शन लिया है और इसमें उनकी मैच फीस पर जुर्माना लगाने के साथ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंकतालिका से उनके अंकों में भारी कटौती भी की है।

आईसीसी की तरफ से पाकिस्तान टीम पर एक्शन को लेकर जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया कि उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ मीरपुर के स्टेडियम में खेले गए टेस्ट मैच मुकाबले में निर्धारित समय में 8 ओवर कम फेंके थे। ऐसे में प्लेयर्स की मैच फीस को लेकर जहां 40 फीसदी का जुर्माना लगाया गया है तो वहीं प्रति ओवर कम फेंकने पर एक अंक काटा गया है, जिसके चलते पाकिस्तानी टीम को जहां इस मुकाबले में हार की वजह एक अंक नहीं मिला तो वहीं उन्होंने अपने खाते से 8 अंक और गंवा दिए। इस स्थिति में अब उनके पास कुल सिर्फ 4 अंक बचे हैं, जिसमें पाकिस्तानी टीम ड्ड्रञ्जष्ट 2025-27 की अंकतालिका में सीधे 8वें नंबर पर पहुंच गई है, जिसमें उससे नीचे सिर्फ वेस्टइंडीज की टीम है जिसके अंकों का कुल प्रतिशत 4.17 है।

धीमी ओवर गति के चलते आईसीसी की तरफ से पाकिस्तान टीम पर लिए गए एक्शन को उनके कप्तान शान मसूद ने मान लिया है, जिसके बाद अब इस मामले की आगे औपचारिक सुनवाई नहीं होगी। पाकिस्तानी टीम पर स्लो-ओवर रेट का आरोप मैदानी अंपायरों रिचर्ड कैटलबोरो और कुमार धर्मसेना के अलावा थर्ड अंपायर अलाउद्दीन पालेकर एवं फोर्थ अंपायर गाजी सोहेल ने लगाए थे। उनकी शिकायत के बाद इस मैच में रेफरी जेफ क्रो ने मामले की सुनवाई करते हुए इस जुर्माने का ऐलान किया। बता दें कि दोनों टीमों के बीच इस टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 16 मई से सिलहट के मैदान पर खेला जाएगा।

## CSK में हुई कुलदीप यादव की एंट्री



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग का 19वां सीजन अब काफी रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है, जिसमें प्लेऑफ में पहुंचने की रेस से जहां 2 टीमें बाहर हो गई हैं तो वहीं कौन सी चार टीमें लीग स्टेज मैचों के बाद टॉप-4 पर खत्म करेंगी उसकी तस्वीर अभी तक पूरी तरह से साफ नहीं हो सकी है। इस सीजन डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जहां फिर से प्लेऑफ में पहुंचने के काफी करीब है तो 5 बार ट्रॉफी जीत चुकी चेन्नई सुपर किंग्स ने भी प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा हुआ है। इसी बीच सीएसके और आरसीबी दोनों ने अपने स्क्वाड में शामिल चोटिल खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट प्लेयर के नाम का भी ऐलान किया है।

चेन्नई सुपर किंग्स की टीम को आईपीएल 2026 सीजन की शुरुआत में उस समय बड़ा झटका लगा था जब बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद चोटिल हो गए थे, जिसके बाद सीएसके ने उनके रिप्लेसमेंट का अब ऐलान किया है, जिसमें उन्होंने 29 साल के तेज गेंदबाज कुलदीप यादव को अपना हिस्सा बनाया है। कुलदीप यादव इससे पहले आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के स्क्वाड का साल 2021 से लेकर 2023 तक हिस्सा रहे हैं।

## पंजाब किंग्स की प्लेऑफ में पहुंचने का रास्ता हुआ कठिन, लगातार पांचवीं हार



नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में मुंबई इंडियंस ने धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पंजाब किंग्स को छ विकेट से मात दे दी. तिलक वर्मा की 75 रनों की शानदार पारी की बदौलत मुंबई इंडियंस ने 201 रनों के लक्ष्य को चार विकेट खोकर, एक गेंद शेष रहते ही आसानी से हासिल कर लिया. जिसमें रयान रिकेल्टन के 23 गेंदों में चार चौके और चार छक्के की मदद से 48 रन बनाए. इसके अलावा तिलक ने सिर्फ 25 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और 33 गेंद में 75 रन बनाकर नाबाद रहे. उनकी मैच जिताऊ पारी में छह चौके और छह छक्के शामिल थे. विल जैक्स ने 10 गेंदों में तेजी से 25 रन बनाकर पारी को शानदार अंत दिया, जिससे मुंबई इंडियंस ने एक रोमांचक मुकाबले में लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा कर लिया. आखिरी ओवर में मुंबई को जीत के लिए 15 रनों जरूरत थी. लेकिन पंजाब की तरफ से जेवियर बार्टलेट वो रन डिफेंड नहीं कर सके और तीन छक्के खाकर मैच हार गए.

इससे पहले, पंजाब किंग्स ने 20 ओवरों में 200/8 का स्कोर खड़ा किया था, जिसमें प्रभसिमरन सिंह के अर्धशतक और अजमतुल्लाह उमरज़ई की अंत में खेली गई छोटी लेकिन तेज पारी का अहम योगदान रहा. विकेटकीपर-बल्लेबाज प्रभसिमरन ने 32 गेंदों में 57 रन बनाए, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल थे. उमरजई ने सिर्फ 17 गेंदों में तेजी से 38 रन बनाए, जिसमें चार छक्के शामिल थे. मुंबई की तरफ से शार्दुल ठाकुल सबसे सफल गेंदबाज रहे. उन्होंने चार ओवर में 39 रन देकर 4 विकेट लिए.

## सीएसके को लगा बड़ा झटका, स्टार खिलाड़ी टीम छोड़कर लौटा इंग्लैंड



नईदिल्ली। आईपीएल 2026 प्लेऑफ में जगह बनाने से पहले चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका लगा है. इस सीजन टीम के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज जेमी ओवरटन जांघ में चोट के कारण अपने देश इंग्लैंड लौट गए हैं. सीएसके ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए जारी एक बयान में इसकी जानकारी दी. उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, जेमी ओवरटन की दाईं जांघ में चोट है और वे आगे की जांच और इलाज के लिए इंग्लैंड लौट रहे हैं.

हालांकि सीएसके ने यह साफ नहीं किया कि वे कितने समय तक बाहर रहेंगे या क्या वे इस सीजन के बाकी मैचों से पूरी तरह बाहर हो गए हैं, लेकिन टीम के बाकी लीग मैचों में उनके खेलने की संभावना कम ही लग रही है.

ओवरटन इस सीजन में सीएसके के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक रहे हैं. वे 17.78 की औसत से 14 विकेट लेकर टीम के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हैं. उनका इकॉनमी रेट 8.89 रहा है. अपने पिछले मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ उन्होंने 36 रन देकर 3 विकेट लिए थे. जिसकी वजह से उनको प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था.

ओवरटन गेंद से विकेट लेने के अलावा निचले क्रम में बल्ले से रन भी बनाते हैं. उनके जाने से टीम के गेंदबाजी आक्रमण में एक बड़ा खालीपन आ गया है, और टीम मैनेजमेंट को इस कमी को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए दूसरे विकल्पों पर निर्भर रहना होगा. सीएसके अभी भी प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है और उसके टॉप फोर में पहुंचने के चांस भी ज्यादा हैं. 11 मैचों में 12 अंकों के साथ वह पॉइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर है. उनका अगला मुकाबला आज 15 मई को लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ है. जहां वो प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी संभावनाओं को मजबूत करने की कोशिश करेगी.

## 50 ओवर में जड़ा तिहरा शतक, बने 822 रन और 794 रनों से मिली जीत!



नईदिल्ली। बल्लेबाजों के ज्यादा आक्रामक रवैया अपनाने और पिचों के भी उनके लिए मददगार होने से, 50 ओवर के क्रिकेट में 300 से ज्यादा रन बनाना अब कोई मुश्किल काम नहीं रह गया है.

टीमें कभी-कभी 400 रन भी बना लेती हैं, लेकिन कंप्यूटर गेम को छोड़कर कोई भी 800 रन बनाने की कल्पना भी नहीं कर सकती. लेकिन, जिम्बाब्वे में हुए एक क्रिकेट मैच में कुछ अविश्वसनीय नजारे देखने को मिले, जब एक टीम ने 50 ओवर में 822 रन बना डाले, और 794 रनों से बड़ी जीत दर्ज की.

ये मैच स्कॉर्पियंस क्रिकेट क्लब और मीथेन लायंस के बीच खेला गया. टॉस जीतकर स्कॉर्पियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 822 रन बनाए.

विन्फ्रेंड मुटेंडे ने सिर्फ 75 गेंदों में 13 छक्कों और 23 चौकों की मदद से 203 रन बनाए. जबकि तकुंडा मडेम्बो ने 143 गेंदों में 7 छक्कों और 50 चौकों की मदद से 302 रन बनाए. जबकि गैब्रियल जया ने भी 49 गेंदों में 22 चौकों की मदद से 110 रन बनाकर टीम में अहम योगदान दिया.

बल्लेबाजी के लिए मददगार दिख रही पिच बाद में मीथेन लायंस के बल्लेबाजों के लिए मुश्किल साबित हुई, और वे सिर्फ 28 पर ही आलऑउट हो गए, जिससे उन्हें 794 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा.

अभी तक का मान्यता प्राप्त लिस्ट ए मैच में सबसे बड़ा स्कोर बिहार के नाम है, जिसने विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान रांची में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 574/6 का स्कोर बनाया था. इस मैच के दौरान वैभव सूर्यवंशी ने 84 गेंदों में 190 रन बनाए थे.

आधिकारिक 50-ओवर क्रिकेट मैच में, बहुत कम टीमें ही 500 रन का आंकड़ा पार कर पाए हैं. 2022 में तमिलनाडु ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 506/2 का स्कोर बनाया था, और उसी साल इंग्लैंड ने नीदरलैंड के खिलाफ एक वनडे में 498/4 रन बनाए थे.

## कोहली ने 60 गेंदों में 105 रनों बनाकर, प्लेयर ऑफ दि मैच का अवॉर्ड हासिल किया



नईदिल्ली। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अंक तालिका में टॉप पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई. कोहली के ही शतक की बदौलत आरसीबी ने केकेआर के खिलाफ 193 रनों को 5 गेंद पहले ही आसानी से चेज कर लिया. इस जीत के साथ आरसीबी के कुल 16 पॉइंट्स हो गए हैं और वो अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गया है. जिसकी वजह से उनके प्लेऑफ में पहुंचने के चांस सबसे ज्यादा हैं

कोहली ने 60 गेंदों में 105 रनों की पारी खेली. जिसमें 11 चौके और 3 छक्के शामिल थे. इस शानदार प्रदर्शन की वजह से उन्हें प्लेयर ऑफ दि मैच का अवॉर्ड भी दिया गया. जिसके साथ वो आईपीएल में सबसे ज्यादा 21 बार ये अवॉर्ड जीतने वाले रोहित शर्मा की बराबरी कर ली. इसके अलावा ये कोहली का आईपीएल में 9वां शतक था.

खास बात ये हैं कि इस दमदार पारी से पहले विराट कोहली लगातार दो बार शून्य पर आउट हो चुके थे. इसलिए इस मैच में सारी निगाहें कोहली की ही तरफ थीं. लेकिन दबाव में ही कोहली सबसे अच्छा खेलते हैं, ये तो हर किसी को मालूम है.

मैच के बाद कोहली ने कहा कि प्रदर्शन के दबाव को लेकर बैचेनी उन्हें भी होती है और आईपीएल में पिछले दो मैचों में शून्य पर आउट होने से वह नर्वस हो गए थे. कोहली ने कहा, पिछले दो मैचों में रन नहीं बना पाने से मैं काफी बेचैन था. मुझे पता था कि मैं अच्छा खेल सकता हूं और रन बना सकता हूं.

उन्होंने कहा, ऐसे में जब आप रन नहीं बना सके और टीम के लिये योगदान नहीं दे सके तो बेचैनी होती है. मेरा हमेशा से लक्ष्य टीम के लिये योगदान देने का रहा है. मैं लगातार बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करता हूं ताकि अपना सर्वश्रेष्ठ टीम को देकर छाप छोड़ सकूं.

उन्होंने आगे कहा, शतक जमाने के बाद जश्न बड़ा नहीं था क्योंकि हमें अंकों की अहमियत पता है. हम सभी टीम के लिए खेलने का प्रयास करते हैं. इसलिये कहते हैं कि दबाव अच्छा रहता है क्योंकि इससे आपको अपना खेल निखारने में मदद मिलती है. दो मैचों में अच्छा नहीं खेल पाने से नर्वस था जिससे अच्छे प्रदर्शन में मदद मिली. इसलिये नाकामियां भी जरूरी है जो और बेहतर करने के लिये प्रेरित करती हैं.'

---

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**0 अब ईरान की दादागिरी हुई खत्म....**

हबशन से फुजैराह तक फैली 406 किलोमीटर लंबी यह पाइपलाइन फिलहाल यूएई की लाइफलाइन बनी हुई है। ईरान ने समुद्री रास्ते बंद किए, वहीं यूएई और सऊदी अरब ही ऐसे दो खिलाड़ी बचे हैं जो बिना किसी डर के तेल निकाल पा रहे हैं। हालांकि, ईरान ने ड्रोन हमलों से डराने की कोशिश जरूर की है।

यूएई ने हाल ही में ओपेक (OPEC) से बाहर निकलकर सबको चौंका दिया था। अब वह किसी के प्रोडक्शन कट के दबाव में नहीं है। नई पाइपलाइन का मतलब है कि यूएई दुनिया की मांग के हिसाब से अपना प्रोडक्शन ब?ा सकेगा। फुजैराह पोर्ट पर होने वाली हलचल इस बात का सबूत है कि आने वाले समय में खाड़ी की चौधराहट होर्मुज नहीं, बल्कि फुजैराह तय करेगा। वहीं, ओमान के पास भी एक लंबा तट है, लेकिन यूएई की इंफ्रास्ट्रक्चर पावर ने उसे इस रेस में सबसे आगे खड़ा कर दिया है। अब देखना यह होगा कि ईरान इस 'बायपास गेम' पर क्या प्रतिक्रिया देता है।

0000000

**0 विदेश यात्रा पर टैक्स की खबरों को.....**

सोने की खरीद और दान से बचें, क्योंकि इसके आयात में देश का काफी विदेशी मुद्रा खर्च होता है। उनका कहना था कि इस तरह की बचत से देश के आर्थिक संसाधनों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने ईंधन बचत पर भी जोर देते हुए कहा कि अनावश्यक वाहन उपयोग को कम किया जाए, सार्वजनिक परिवहन जैसे मेट्रो का अधिक उपयोग किया जाए और कारपूलिंग को बढ़ावा दिया जाए, जिससे पेट्रोल-डीजल की खपत घटाई जा सके।

0000000

**0 छत्तीसगढ़ का मैनपावर सप्लाई घोटाला.....**

इसी कार्रवाई में मिले सबूतों के आधार पर अनवर ढेबर को 23 फरवरी 2026 को गिरफ्तार किया गया।

अनवर ढेबर ने हाई कोर्ट में दायर जमानत याचिका में कहा कि यह कस्टडी का एवरग्रीनिंग है। उन्हें राजनीतिक द्वेष के चलते फंसाया गया है। एक ही मामले में बार-बार अलग-अलग एफआईआर दर्ज की जा रही हैं, ताकि याचिकाकर्ता को जेल से बाहर आने का मौका न मिले।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने जमानत का विरोध किया। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि ऐसे मामलों में केवल इसलिए राहत नहीं दी जा सकती। क्योंकि आरोपित प्रभावशाली है या सीधे तौर पर धन की वसूली उसके पास से नहीं हुई है। जब मामला जनता के पैसे और सरकारी खजाने की लूट से जुड़ा हो, तो कोर्ट को अलर्ट रहना चाहिए। ऐसे घोटाले न केवल देश के आर्थिक ढांचे को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि सरकारी व्यवस्था में जनता के विश्वास को भी चोट पहुंचाते हैं। कोर्ट ने ढेबर को इस मामले का मुख्य साजिशकर्ता और फायदा लेने वाला बताया है।

00000000

**0 नीट पेपर लीक कांड: सीबीआई ने केमिस्ट्री....**

कुल 281 सवालों वाले इस दस्तावेज़ ने एजेंसियों के संदेह को और मजबूत कर दिया। आमतौर पर गेस पेपर पिछले वर्षों के पैटर्न और संभावित प्रश्नों के आधार पर तैयार किए जाते हैं, लेकिन इतने बड़े स्तर पर सवालों का मैच होना जांच एजेंसियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया।

**छात्रों में बढ़ा आक्रोश**

पेपर लीक विवाद के बाद लाखों छात्रों और अभिभावकों में भारी नाराजगी देखने को मिली। कई छात्रों ने परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं। सोशल मीडिया पर भी नीट परीक्षा को लेकर बहस तेज हो गई है। सरकार और जांच एजेंसियां अब इस पूरे नेटवर्क की तह तक पहुंचने की कोशिश कर रही हैं। आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

0000000

**0 पूर्व मंत्री राजेश मूणत फर्जी सेक्स सीडी.....**

विनोद वर्मा को 63 दिन बाद दिसंबर 2017 में जमानत मिली। अक्टूबर 2018 में दायर चालान में विनोद वर्मा और भूपेश बघेल के अलावा भाजपा से जुड़े कैलाश मुरारका, विजय पांडे और कारोबारी विजय भाटिया को भी आरोपित बनाया गया था। सीबीआइ ने अपनी रिपोर्ट में माना था कि प्रकाश बजाज की शिकायत में लगाए गए कई आरोप साबित नहीं हुए, लेकिन रायपुर में सीडी वितरण को आधार बनाकर सभी मामलों को जोड़ते हुए आरोप पत्र दाखिल किया गया।

**हाईकोर्ट में रखे गए ये तर्क**

हाईकोर्ट में विनोद वर्मा की ओर से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव और श्रेया गुप्ता ने दलील दी कि जिस शिकायत के आधार पर छापा मारा गया, वह खुद झूठी साबित हो चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि कथित सीडी मुंबई में भाजपा से जुड़े लोगों द्वारा तैयार कराई गई थी और इसकी जानकारी तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के ओएसडी अरुण बिसेन को भी थी। ऐसे में विनोद वर्मा पर फर्जी सीडी बनाने या अश्लील सामग्री प्रसारित करने का आरोप नहीं बनता।

**निचली अदालत ने खारिज किए थे तर्क**

रायपुर की निचली अदालत ने इन तर्कों को खारिज करते हुए कहा था कि आपराधिक षड्यंत्र की कड़ियां एक-दूसरे से जुड़ी हैं, इसलिए सभी आरोपितों की भूमिका जांच के दायरे में आती है। उल्लेखनीय है कि मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पहले भूपेश बघेल को आरोपों से बरी कर दिया था, लेकिन सत्र न्यायालय ने उस फैसले को पलटते हुए उनके खिलाफ भी अभियोग तय कर दिए थे।

00000000

**0 एमपी हाईकोर्ट का बड़ा फैसला :....**

भोजशाला परिसर में देवी सरस्वती का मंदिर स्थित है। इसे एक संरक्षित स्मारक घोषित किया गया है। भारत सरकार और एएसआई इसके प्रशासन पर निर्णय लेंगे। मुस्लिम मस्जिद के लिए वैकल्पिक जमीन हेतु आवेदन कर सकते हैं।

जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें मुसलमानों को उस जगह पर नमाज पढ़ने की इजाजत दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि, उस इमारत का धार्मिक स्वरूप एक मंदिर का है और मुसलमान मस्जिद के लिए किसी दूसरी जमीन के लिए अर्जी दे सकते हैं।

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान हिन्दू पक्षकारों ने दलील दी कि, भोजशाला में प्लेसेस ऑफ वरशिप एक्ट लागू नहीं होता। यह एएसआई द्वारा संरक्षित स्मारक है। भोजशाला का नाम प्राचीन स्मारक एवं पुरातात्विक स्थल एवं अवशेष अधिनियम 1951 की सूची में भी है। इस तरह साल 2024 में अश्विनी उपाध्याय केस में दिए न्याय दृष्टांत को भोजशाला मामले में लागू नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, 'भोजशाला परिसर और कमाल मौला मस्जिद का विवादित इलाका एक संरक्षित स्मारक माना गया है। भोजशाला परिसर और कमाल मौला मस्जिद के विवादित इलाके का धार्मिक स्वरूप भोजशाला का है, जिसमें देवी सरस्वती का मंदिर भी है।'

**संस्कृत सीखने का केंद्र था भोजशाला**

कोर्ट ने पाया कि उस जगह पर देवी सरस्वती को समर्पित एक मंदिर था और ऐतिहासिक साहित्य से यह साबित होता है कि वह जगह संस्कृत सीखने का एक केंद्र थी।बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा, तीर्थयात्रियों को बुनियादी सुविधाएं देना, कानून-व्यवस्था बनाए रखना, और देवी-देवताओं की पवित्रता और मूल स्वरूप को बनाए रखना भी एक संवैधानिक कर्तव्य है। हमने पाया है कि उस जगह पर हिंदुओं की पूजा-अर्चना कभी भी बंद नहीं हुई है।

कोर्ट ने कहा कि उसने पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों पर भरोसा किया और अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय किए गए मिसाल के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला।

बार एंड बेंच के मुताबिक, कोर्ट ने कहा कि उसने पुरातात्विक और ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई की रिपोर्ट और नोटिफिकेशन को ध्यान में रखते हुए फैसला लिया है। कोर्ट ने कहा कि एएसआई द्वारा किए गए अध्ययन, अयोध्या मामले में तय कानूनी सिद्धांत और संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत मिले धार्मिक अधिकारों के आधार पर इन निष्कर्षों पर भरोसा किया जा सकता है।

# संयम, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता से ही बनेगा मजबूत भारत : आलोक बिंदल



## आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हर नागरिक निभाए जिम्मेदारी

राजनांदगांव (दावा)। देश आज एक ऐसे महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है जहां आर्थिक आत्मनिर्भरता, ऊर्जा सुरक्षा और स्वदेशी सोच केवल विकल्प नहीं बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता बन चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार देश को आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, डिजिटल भारत और ऊर्जा संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ा रही है। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व बनता है कि वह केवल सरकार पर निर्भर न रहे बल्कि स्वयं भी राष्ट्रहित में जिम्मेदार और संयमित जीवनशैली अपनाए। भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश स्थाई कार्यकारिणी सदस्य आलोक बिंदल ने कहा कि भारत आज विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, लेकिन पेट्रोल-डीजल और सोने जैसे आयातित संसाधनों पर अत्यधिक निर्भरता देश की विदेशी मुद्रा पर अनावश्यक दबाव बनाती है।

यदि देश को वास्तविक रूप से आर्थिक महाशक्ति बनाना है तो हमें उपभोग आधारित मानसिकता से बाहर निकलकर उत्पादन, बचत और राष्ट्रहत आधारित जीवनशैली अपनानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समय-समय पर वोकल फॉर लोकल मेड इन इंडिया और ऊर्जा बचत का जो संदेश दिया गया है वह केवल सरकारी नारा नहीं बल्कि आने वाले भारत की आर्थिक सुरक्षा का रोडमैप है। देशवासियों को समझना होगा कि पेट्रोल-डीजल की अनावश्यक खपत सीधे-सीधे विदेशी मुद्रा के बाहर जाने का कारण बनती है। यदि देश में ईंधन की बचत होगी तो इसका सीधा लाभ अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा। आलोक बिंदल ने सुझाव दिया कि शहरों में ओला-उबर जैसी सेवाओं में कार पूलिंग और पूर्ण शेयरिंग व्यवस्था को अनिवार्य रूप से बढ़ावा दिया जाए, ताकि एक दिशा में जाने वाले लोग एक ही वाहन का उपयोग करें और ईंधन की बचत हो। उन्होंने कहा कि बिना उद्देश्य देर रात तक चलने वाली चौपाटियों और अनावश्यक भीड़भाड़ पर भी नियंत्रण होना चाहिए क्योंकि केवल मनोरंजन और दिखावे के लिए वाहनों का अत्यधिक उपयोग राष्ट्रीय संसाधनों की बर्बादी है।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि शहरों के दर्शनीय स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सप्ताह में कम से कम दो दिन नियंत्रित अवकाश व्यवस्था लागू की जा सकती है, ताकि अनावश्यक ट्रैफिक कम हो। साइकिल, ई-स्कूटर और बैटरी चालित वाहनों पर टैक्स में बड़ी राहत दी जाए तथा साइकिल से बाजार आने वाले ग्राहकों को विशेष छूट और प्रोत्साहन दिया जाए। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ईंधन बचत भी सुनिश्चित होगी। श्री बिंदल ने कहा कि आज बाजार कुछ सीमित क्षेत्रों तक सिमट गए हैं, जिससे ट्रैफिक जाम और ईंधन की बर्बादी बढ़ रही है। बाजारों का विकेंद्रीकरण कर प्रत्येक क्षेत्र में आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। साथ ही ट्रैफिक सिग्नलों और सड़क प्रबंधन को वैज्ञानिक तरीके से विकसित किया जाए ताकि वाहनों की अनावश्यक रुकावट और ईंधन की खपत कम हो सके। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जिस प्रकार डिजिटल इंडिया और ऑनलाइन सेवाओं को बढ़ावा दे रही है, उसी दिशा में होम डिलीवरी आधारित व्यापार को भी प्रोत्साहन और सब्सिडी दी जानी चाहिए। इससे एक ही वाहन द्वारा कई घरों तक सामान पहुंचेगा और हजारों व्यक्तिगत यात्राओं की आवश्यकता कम होगी। आलोक बिंदल ने कहा कि आज आवश्यकता दिखावे की अर्थव्यवस्था से निकलकर राष्ट्रहित की अर्थव्यवस्था को अपनाने की है। अनावश्यक खरीदारी, फिजूल खर्च और केवल सामाजिक प्रदर्शन के लिए किए जाने वाले उपभोग को सीमित करना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि यदि देश का व्यापारी वर्ग, मध्यम वर्ग और आम नागरिक मिलकर संयम और स्वदेशी की भावना से कार्य करें तो भारत आर्थिक रूप से और अधिक मजबूत बन सकता है। श्री बिंदल ने घरों में वर्षों से निष्क्रिय पड़े सोने को लेकर भी लोगों से पुनर्विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज सोने की कीमतें ऐतिहासिक ऊंचाई पर हैं। ऐसे समय में केवल संग्रह करने के बजाय आवश्यकता अनुसार उसका उपयोग, निवेश या वित्तीय परिसंपत्तियों में परिवर्तन देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। इससे बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़ेगा, व्यापार को गति मिलेगी और आयात पर निर्भरता भी कम होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक मंच पर मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। यदि सरकार की नीतियों के साथ देश का व्यापारी वर्ग, मध्यम वर्ग और आम नागरिक भी संयम, स्वदेशी और राष्ट्रहित की भावना से कार्य करें, तो आने वाले वर्षों में भारत न केवल 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा, बल्कि दुनिया को आर्थिक अनुशासन और आत्मनिर्भरता का मार्ग भी दिखाएगा।

अंत में आलोक बिंदल ने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकारों से नहीं होता, बल्कि जागरूक नागरिकों के सामूहिक त्याग, अनुशासन और जिम्मेदारी से होता है। अब समय आ गया है कि हम ईंधन, धन और संसाधनों का संयमित उपयोग कर आने वाली पीढ़ीयों के लिए एक मजबूत, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत का निर्माण करें।

# अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय सम्मान से गौरवान्वित हुई शिक्षिका सुश्री लीला मानिक



राजनांदगांव (दावा)। शहर की प्रतिभाशाली शिक्षिका सुश्री लीला मानिक जो शासकीय प्राथमिक शाला माध्यम अंग्रेजी इग्निट गंजपारा में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रही हैं तथा लेबर कॉलोनी वार्ड क्रमांक 17 की निवासी हैं ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कार्यों से एक नई पहचान स्थापित की है। सुश्री लीला मानिक को हाल ही में आयोजित भव्य 19वें नेशनल/इंटरनेशनल साहित्य कॉन्फ्रेंस-2026 में उनके शिक्षा, साहित्य एवं सामाजिक योगदान के लिए प्रतिष्ठित इंटरनेशनल एशियन डायमंड आइकॉनिक अवॉर्ड तथा नेशनल स्वामी विवेकानंद समता अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह गौरवपूर्ण समारोह दिनांक 10 मई 2026 को अम्स हॉल हैदराबाद तेलंगाना में अत्यंत भव्य एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक कॉन्फ्रेंस में देश के विभिन्न राज्यों सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर के साहित्यकार, शिक्षाविद, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी शामिल हुए। कार्यक्रम में कुल 9 राज्यों की सहभागिता रही। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल वी के पोखरियाल उपस्थित रहे जबकि कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष के रूप में पद्मश्री अशोक कुमार हलधर ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ.माया देवी तथा स्वागत अध्यक्ष डॉ.डी.एस टांडेकर की विशेष उपस्थिति रही। समता साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित इस शानदार कॉन्फ्रेंस में कुल 08 प्रतिभागियों को इंटरनेशनल अवॉर्ड, 25 प्रतिभागियों को नेशनल एवं इंटरनेशनल अवॉर्ड तथा 08 प्रतिभागियों को स्टेट अवॉर्ड प्रदान किए गए। कार्यक्रम में साहित्य, शिक्षा और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया। सुश्री लीला मानिक की इस उपलब्धि से न केवल उनके विद्यालय और परिवार में हर्ष का वातावरण है बल्कि पूरे राजनांदगांव जिले में गर्व और उत्साह की लहर है।

# स्वामित्व योजना से मिला मालिकाना हक हितग्राहियों के चेहरे पर आई मुस्कान



## अधिकार अभिलेख पत्र प्राप्त होने पर श्रीमती कस्तुरी बाई ने प्रसन्नता व्यक्त की

## ग्राम उचईपुर निवासी रूपचंद को मिला मालिकाना हक

राजनांदगांव (दावा)। वर्षों से अपने घर और जमीन पर निवास करने के बावजूद कानूनी दस्तावेजों के अभाव में असुरक्षा महसूस करने वाले ग्रामीणों के लिए स्वामित्व योजना आशा की नई किरण बनकर सामने आई है। सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम साल्हे में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में तहसील कुमरदा क्षेत्र के हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख पत्र प्रदान किए गए, जिससे उनके चेहरे पर खुशी साफ झलकने लगी।

ग्राम उचईपुर निवासी श्रीमती कस्तुरी बाई ने अधिकार अभिलेख पत्र प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से जिस जमीन पर उनका परिवार रह रहा था, उसका कोई पक्का दस्तावेज नहीं होने से हमेशा चिंता बनी रहती थी। अब शासन की योजना से उन्हें जमीन का अधिकार अभिलेख प्राप्त हुआ है, जिससे उनके परिवार को सुरक्षा और भरोसा मिला है। उन्होंने कहा कि अब जरूरत पडऩे पर वे बैंक से ऋण लेकर अपने घर और परिवार की आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगी। इसके लिए उन्होंने शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार उचईपुर निवासी रूपचंद को भी स्वामित्व योजना के तहत जमीन का अधिकार अभिलेख पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने शासन की इस योजना की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि तहसील कुमरदा अंतर्गत स्वामित्व योजना के माध्यम से अब तक 58 नागरिकों को अधिकार अभिलेख पत्र वितरित किया जा चुका है। इससे ग्रामीणों को अपनी आबादी भूमि का वैधानिक स्वामित्व प्राप्त हो रहा है, साथ ही संपत्ति संबंधी विवादों को कम करना तथा ग्रामीण परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। भारत शासन के निर्देशानुसार स्वामित्व योजना के अंतर्गत आबादी भूमि का स्वामित्व अधिकार प्रदान करने के लिए राजस्व विभाग द्वारा ग्रामों में आबादी भूमि का चिन्हांकन किया गया। इसके अनुरूप सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा ड्रोन सर्वे कर नक्शे तैयार किए गए। राजस्व विभाग ने भूमि स्वामियों के कब्जे का चिन्हांकन कर दावा-आपत्ति प्रक्रिया पूर्ण की। इसके बाद अंतिम नक्शा तैयार कर स्वामित्व अधिकार पत्र जारी किए गए, जिससे ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध हो सका। स्वामित्व योजना ग्रामीणों के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव ला रही है। अब गांवों में रहने वाले लोग अपनी जमीन के पक्के दस्तावेजों के साथ आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना महसूस कर रहे हैं।

# शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में स्मृति प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ आर. के. ठाकुर की अनुमति से बी.एस.सी. अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा गौरवशाली परंपराओं एवं स्मृतियों को संजोते हुए 'स्मृति प्रतिष्ठा कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता सेनानी एवं महान विभूति स्व. कुंज बिहारी चौबे की प्रतिमा महाविद्यालय को भेंट की, जिसका अनावरण प्राचार्य डॉ. ठाकुर द्वारा किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ टी. ए. खान, डॉ हेमलता गायकवाड़, अरुण कुमार साहू, सोनल नागवंशी, रीना सलामे, राजेश चक्रधारी, नम्रता परीक्षा, डॉ कविता यदु, सूर्यकांत वर्मा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बी.एस.सी. अंतिम वर्ष की छात्रा फूलबाई ने सभी विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व करते हुए कहा कि स्व. कुंजबिहारी चौबे की प्रतिमा केवल पत्थर की मूरत नहीं, बल्कि उनके आदर्शों, स्मृतियों और समाज के प्रति योगदान का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को चौबे जी के आदर्शों एवं देशभक्ति की प्रेरणा देती रहेगी। स्व. चौबे जी की स्मृति को अक्षुण्य बनाए रखने हेतु प्रतिमा स्थापना में मुख्य छात्र प्रतिनिधि चूरामन दास रहे। वहीं विशिष्ट सहयोगियों में हेमप्रकाश साहू, पुनीता सलामे, सरस्वती निर्मलकर, पायल साहू एवं प्रभात कुमार सहित अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### स्व. कुंज बिहारी चौबे प्रखर प्रतिभा एवं क्रांतिकारी विचारधारा के धनी थे - प्राचार्य आर.के.ठाकुर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. मनोहर बोकडे ने बताया कि महाविद्यालय का नामकरण स्वतंत्रता सेनानी स्व. कुंज बिहारी चौबे के नाम पर शासन द्वारा किया गया है। वहीं प्रो. बी. आर. चन्द्रवंशी ने कहा कि चौबे जी अपनी प्रखर लेखनी के माध्यम से देशभक्ति और समाज सेवा से जुड़ी कविताएं लिखते रहे। उनकी प्रसिद्ध कविता ÷तैहर ठग डारे हमला रे गोरा÷ में अंग्रेजी शासन के विरुद्ध विद्रोह की भावना स्पष्टदिखाई देती है। प्राचार्य डॉ. आर. के. ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्व. कुंज बिहारी चौबे प्रखर प्रतिभा एवं क्रांतिकारी विचारधारा के धनी थे।

# रानी सुर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संभाला पदभार



## विधि-विधान, हवन-पूजन और गायत्री मंत्रोच्चार के साथ हुआ गरिमामयी कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। रानी सुर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास समिति में सोमवार 11 मई को एक गरिमामयी एवं आध्यात्मिक वातावरण में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी ने विधिवत अपना पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम सुबह 11 बजे समिति कार्यालय में आयोजित किया गया जहां वैदिक मंत्रोच्चार, हवन-पूजन एवं गायत्री मंत्र के साथ शुभारंभ हुआ।

समारोह में समाज एवं धार्मिक क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रतिष्ठित जनों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। हवन-पूजन के दौरान समस्त उपस्थितजनों ने संस्था की उन्नति, सामाजिक समरसता एवं जनकल्याण की कामना की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू ने अपने संबोधन में कहा कि समिति की परंपरा, संस्कृति एवं सामाजिक मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए सभी को साथ लेकर कार्य किया जाएगा। वहीं उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी ने कहा कि समाजहित एवं धार्मिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए समिति निरंतर प्रयासरत रहेगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, नन्दूराम साहू (प्रांत सह मंत्री, विश्व हिन्दू परिषद), देव कुमार निर्वाणी, महंत पुरोहित राष्ट्रीय संयोजक अमर ललवानी, रवि सिन्हा, चैन सिंह गंजीर, सुखनंदन साहू महाराज, डॉ. देवेन्द्र गोस्वामी, राजा माखीजा, ओमप्रकाश अग्निहोत्री, अनूप श्रीवास, प्रशांत दुबे, बाबा मेश्राम, दादू सोनकर, रमेश सोनवानी, वैष्णव समाज एवं अन्य समाजों के गणमान्य नागरिक, मठ-मंदिरों के महंत, पुरोहित एवं पुजारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# साहू सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन, विधायक हुए शामिल



छुरिया (दावा)। ग्राम-बखरूटोला में साहू सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक श्री साहू ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

जानकारी के अनुसार सामुदायिक भवन का निर्माण विधायक भोलाराम साहू की अनुशंसा पर 10 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री साहू ने कहा कि सामुदायिक भवन बनने से सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीणों को विभिन्न आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर प्रताप धावड़े अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा, राजू सिन्हा जिला कांग्रेस महामंत्री, सनुसूइया आचले सरपंच, ललित आंचले, संजय कुमार पिस्दा उपसरपंच, कुलदीप साहू, इतवारी राम मंडावी, विनोद कुमार मंडावी, अनिता कुंजाम, राधा उइके सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, समाज के वरिष्ठजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छोटी-छोटी बचत के बड़े फायदे ...



## सीमा ने बिहान से जुड़कर बचत कर चुकाया ऋण

## वित्तीय सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ाया कदम

राजनांदगांव (दावा)। छोटी-छोटी बचत से बड़े फायदे होते हैं। ऐसी ही एक मिसाल राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सिंघोली की श्रीमती सीमा साहू ने पेश की है। जिन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर अपने साहस, हिम्मत एवं मेहनत से अपना एक समूह बनाया। बचत को अपने जीवन का हिस्सा बनाते हुए वित्तीय सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाया।

उन्होंने विभिन्न तरह की आजीविका मूलक गतिविधियों से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार किया। श्रीमती सीमा साहू ने बताया कि वह चंद्रहासिनी स्वसहायता समूह से जुड़ी हैं। वे एक संयुक्त परिवार में रहती हैं, जहां ननद एवं देवर की शादी के लिए साहूकार से उन्होंने ब्याज पर कर्ज लिया था। ग्राम में महिलाओं के समूह पहले से बन चुके थे। उन्होंने अपना स्वयं का समूह बनाकर 10 महिलाओं को जोडऩे का कार्य किया। प्रारंभिक तौर पर संकुल से 15 हजार रूपए की राशि प्राप्त हुई। समूह की महिलाओं ने ऋण की समस्या को देखते हुए उनकी मदद की।

श्रीमती सीमा साहू ने बताया कि थोड़ी-थोड़ी राशि से बचत करते हुए ऋण चुका दिया और फिर से बचत किया। समूह से राशि लेकर रेगहा की भूमि पर खेती करने का कार्य किया तथा कृषि मित्र के तौर पर जैविक खेती का कार्य भी जारी रहा। उन्होंने कहा कि बचत करते हुए इस मुकाम तक पहुंची हैं। सिलाई के व्यवसाय से भी अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है। प्रतिमाह 8 हजार रूपए तक की आमदनी मिल रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से बहुत मदद मिली है और आत्मविश्वास बढ़ा है। वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला रही है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी नर्सिंग का कोर्स कर रही है। श्रीमती सीमा साहू ने बताया कि भविष्य में वे लघु उद्यम से जुड़कर दुकान खोलना चाहती है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता बढऩे से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की राह बनी है।

# प्रदेश प्रभारी अहलावत के पांच दिवसीय दौरे से संगठन में उत्साह, घुमका नगर पंचायत चुनाव को लेकर तेज हुई तैयारियां



## घुमका नगर पंचायत में हम मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे व जनता को एक बेहतर विकल्प देंगे

घुमका (दावा)। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी मुकेश अहलावत पांच दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं, उनके दौरे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। इस दौरान वे प्रदेश के चार नगर पंचायत चुनाव क्षेत्रों का दौरा कर संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करेंगे तथा स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

इसी क्रम में 15 मई को शाम 4 बजे नगर पंचायत घुमका में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में संगठन विस्तार, चुनावी रणनीति तथा आगामी नगर पंचायत चुनाव को लेकर व्यापक चर्चा की जाएगी। पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम जायसवाल दो दिन पूर्व ही राजनांदगांव पहुंच चुके हैं और लगातार तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने लोकसभा, जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर घुमका नगर पंचायत चुनाव के लिए संभावित प्रत्याशियों के चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण चर्चा की है। पार्टी के सभी पदाधिकारियों से चर्चा कर उन्होंने कहा है कि हम घुमका नगर पंचायत को लेकर एक बेहतर विकल्प भाजपा कोंग्रेस के अलावा देंगे, इसे अब घुमका की जनता को तय करना है कि वह परंपरागत राजनीति को नकार कर काम की राजनीति को विकल्प बनायेंगे, हम मजबूती से इस नगर पंचायत में चुनाव लड़ कर जीत दर्ज करेंगे व क्षेत्र की जनता के लिए बेहतर कार्य करेंगे।

कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे। इनमें प्रदेश महासचिव वदूद आलम, संजीत विश्वकर्मा, देवेंद्र सिंह भाटिया सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी कल घुमका पहुंचेंगे। बैठक एवं स्वागत कार्यक्रम की तैयारियों में पार्टी के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। प्रमुख रूप से लोकसभा संगठन मंत्री कमलेश स्वर्णकार, सर्वजीत भाटिया, प्रभांशु खोपड़ागढ़, जिला अध्यक्ष राजेन्द्र बबलू सोनी, चित्रा गुरुदेव, राजीव यादव, सूरज डोंगरे एवं गोपेश्वर वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

पार्टी नेताओं का कहना है कि नगर पंचायत चुनाव को लेकर संगठन पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरने की तैयारी कर रहा है और प्रदेश प्रभारी के इस दौरे से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। घुमका में होने वाली बैठक को आगामी चुनावों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में क्विज प्रतियोगिता में कु. त्रिवेणी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर के ग्रन्थालय विभाग में विभागाध्यक्ष श्रीमती रीना सलामे के नेतृत्व में विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति उनकी रुचि को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय में संचालित विशेष कोचिंग क्लास के शिक्षक डॉ. कविता यदु, नम्रता परीक्षा एवं राजेश चक्रधारी के मार्गदर्शन में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कु. त्रिवेणी यादव ने प्रथम स्थान, रितेश कुमार पटेल ने द्वितीय स्थान तथा अश्वनी कुंजाम एवं नीलम ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. ठाकुर ने विजेता विद्यार्थियों को पेन, डायरी एवं 'प्रतियोगिता दर्पण' भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर महाविद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

# अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ का उपनयन संस्कार गरिमामय वातावरण में सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। वैष्णव गुरुकुल में उपनयन संस्कार, यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, अभिषेक चौबे एवं दुर्गा प्रसाद तिवारी ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वैष्णव गुरुकुल बालोद जिला के कनैरी में प्रमुख आचार्य डॉ. तियोनिधि वैष्णव, रायपुर आचार्य पंडित खिलेन्द्र दास वैष्णव, जिला बालोद कांशी आचार्य पंडित रोशन दास वैष्णव, जिला बिलासपुर अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के जिला प्रभारी निखिल वैष्णव, जिला सचिव ज्ञानेश्वर वैष्णव के गरिमामय उपस्थिति के मध्य हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

अभा. पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने बताया कि वैष्णव गुरुकुल में उपनयन संस्कार, यज्ञोपवित संस्कार कार्यक्रम विभिन्न जिलों से पधारे बच्चों व इच्छुक लोगों का यज्ञोपवीत संस्कार, उपनयन संस्कार से दीक्षित किया गया। वैष्णव गुरुकुल में संस्कार की कार्यशाला नियमित सुचारू रूप से अध्ययन का कार्य जारी है। जहां सनातन से संबंधित दैनिक पूजा पाठका अध्ययन वैदिक रितिक से सिखाया जा रहा है।

वैष्णव गुरुकुल में अध्ययन सुबह दोपहर शाम तीनों समय नियमित रूप से किया जा रहा है। बच्चों के रुचि अनुसार नियमित खेलकूद भी कराया जा रहा है। देवकुमार निर्वाणी ने आगे कहा कि आगामी 18 मई से रासलीला भी आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के पदाधिकारियों ने उक्त कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़कर वैष्णव गुरुकुल द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उक्त अवसर पर डोमन महाराज, जिला प्रभारी निखिल वैष्णव, जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार, जिला मंडलेश्वर राज दूबे, तोशिक शर्मा, आकाश शर्मा, संतोष मिश्रा, अनिल तिवारी, अनिल नागवंशी, अरुण भास्कर, पीयूष दुबे, युगल किशोर वैष्णव, विवेक निर्वाणी, सतीश तिवारी, ज्ञानेश गुप्ता, महेंद्र वैष्णव, रामकुमार वैष्णव, आदित्य दूबे, सुरेंद्र दास वैष्णव, राष्ट्रीय महासचिव प्रेमनारायण दास, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत लक्ष्मीनारायण दास ने उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उक्त जानकारी कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, अभिषेक चौबे एवं तारक निर्मोही ने दी।

# पेट्रोल-डीजल का रेट बढ़ने की भनक लगते ही पेट्रोल पंपों में वाहनों की लंबी कतार



○ शहर के पेट्रोल पंपों में पेट्रोल डीजल की किल्लत
○ अमेरिका-ईरान युद्ध को बताया जिम्मेदार

राजनांदगांव (दावा)। शहर के पेट्रोल पंपों में पेट्रोल डीजल की किल्लत के चलते वहां कार, मोटर साइकिल, बाइक स्कूटी आदि वाहनों की लंबी कतारें देखी जा रही है। वैसे जानने में आ रहा है कि लोगों को पेट्रोल-डीजल के दाम बढने की भनक मिल गई थी जिसके चलते लोग अपनी टंकी फूल कराने पेट्रोल पंपों की ओर दौड़ लगाने शुरू कर दिए। जो आदमी अपनी बाइक में 40-50 रुपए का पेट्रोल भराता था वह अपनी टंकी फूल करवा रहा है। कार वाले भी जितना हो सके अपनी टंकी भरवाने में पीछे नहीं हैं। इससे पेट्रोल पंपों में पेट्रोल जल्द ही खत्म हो जा रहा है। इसी बीच पेट्रोल डीजल की किल्लत होने की बात सामने आने से लोग और भी घबरा गए और पैनिक क्रिएट होते ही गाड़ी लेकर दौड़ चलें पेट्रोल पंप की ओर। इससे कई पेट्रोल पर में पेट्रोल डीजल खत्म हो जाने से लोग इस पेट्रोल पंप से उस पेट्रोल पंप के चक्कर लगाने मजबूर हुए। इधर पेट्रोल डीजल के दामों में 3-3 रुपए का इजाफा होने से भी लोग मायूस होने लगे हैं, लेकिन अन्य देशों की तुलना में यह दाम काफी कम होने से उन्हें यह ज्यादा नहीं व्याप रहा। परेशानी सिर्फ पेट्रोल डीजल की किल्लत को लेकर है।

### पेट्रोल-डीजल खत्म होने का पैनिक क्रिएट

गुरुवार को देर शाम महावीर चौक स्थित भाटिया पेट्रोल पंप पर तो पेट्रोल भराने के लिए बड़ी लंबी लाइन देखी गई।? वहां पूरा पेट्रोल खत्म हो जाने के बाद वहां सन्नाटा पसरा देखा गया। मठपारा रोड स्थित पेट्रोल पंप में कुछ समय तक पेट्रोल मिलता रहा लेकिन लंबी कतारें होने के कारण जल्द पेट्रोल खत्म हो जाने से यहां भी वही हालत उत्पन्न रही। पुराना बस स्टैंड व भाजपा कार्यालय के समीप व पुलिस पेट्रोल पंपों में पेट्रोल डीजल मिलना चालू रहा पर कितने देर तक चलता। पेट्रोल -डीजल खत्म होते ही उन्हें भी हाथ खड़ा कर देना पड़ा। आउटर क्षेत्र लिटिया में स्थित जलाराम पेट्रोल पंप में गुरुवार से डीजल नहीं मिल रहा है। पेट्रोल मिल रहा है लेकिन वह भी ज्यादा दिनों तक के लिए नहीं है। पेट्रोल -डीजल टैंकरों की राह देखी जा रही है।? पेट्रोल पंप के संचालक का कहना है कि लोग घबराहट में आकर कि पेट्रोल मिलेगा की नहीं,, इसलिए अपने गाड़ियों की टंकी फूल करवा लें रहे हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी जी की बचत फैसले की सराहना

बता दें कि अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच पिछले कई दिनों से छिड़े युद्ध के चलते पेट्रोल डीजल की किल्लत बनी हुई है। लोग इसे समझ भी रहे हैं लेकिन उनमें इंधन मिलेगा या नहीं का डर क्रिएट हो गया है इससे वे अपनी गाड़ियों में ज्यादा से ज्यादा पेट्रोल डीजल भरवा ले रहे हैं। इससे पेट्रोल पंपों में जल्द ही इंधन खत्म हो जा रहा है। बता दें कि लोग वर्तमान में उपस्थित हो रहे पेट्रोल डीजल की किल्लत के कारणों को समझ रहे हैं। साथ ही मोदी जी द्वारा देश की जनता से बचत के संबंध में किए गए आह्वान को भी समझ रहे हैं और इसकी सराहना भी कर रहे हैं।

शहर में उपजी पेट्रोल डीजल संकट का जायजा लेने दावा प्रतिनिधि ने विभिन्न पेट्रोल पंपों का दौरा किया और जाना कि ज्यादातर पेट्रोल पंप बंद पड़े थे। एकाध पेट्रोल पंप में पेट्रोल मिल भी रहा था तो वहां गाड़ियों की लंबी कतारें रही। कुछ में तो साटेज की वजह से 100 रुपए से अधिक का पेट्रोल नहीं दिए जाने का बोर्ड लगा दिया गया था। बहर हाल पेट्रोल डीजल को लेकर लोगों में एक पैनिक क्रिएट हो गया है। इसके अलावा यह समस्या आने वाले दिनों के लिए भी है जिसके चलते लोग अभी से जूझना शुरू कर दिए हैं।

### काला बाजारी रोकने कलेक्टर ने दिए निर्देश

बता दें कि अमेरिका ईरान में छिड़े युद्ध की आड़ में लोग पेट्रोल डीजल की कालाबाजारी में जुट गए हैं। पेट्रोल पंप में ईंधन नहीं होने का शो किया जा रहा है। बेवजह पेट्रोल डीजल की किल्लत बताई जा रही है। जबकि सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश? में दो महीने के लिए पेट्रोल डीजल का स्टाक भरा पड़ा है। इस परिस्थितियों के मद्देनजर कलेक्टर जीतेंद्र यादव ने पेट्रोल डीजल की कालाबाजारी रोकने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है उसकी पेट्रोल पंपों को स्पष्ट सूचना जारी करें कि औद्योगिक उपयोग कू लिए पेट्रोल और डीजल की बिक्री नहीं की जाएगी। पेट्रोल पंपो में लगे सीसीटीवी कैमरे नियमित रूप से चालू हालत में रहे और फूटेज की निगरानी की जाए। यदि पेट्रोल पंपों में अवैध बिक्री व औद्योगिक उपयोग के लिए ईंधन की आपूर्ति कराई जाती है तो संबंधित संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। बहरहाल कलेक्टर के निर्देशो का पालन हो रहा है या नहीं यह जिला खाद्य अधिकारी जाने लेकिन पेट्रोल पंपों में किस वजह से पेट्रोल डीजल की किल्लत बनी हुई है इसकी ओर अधिकारियों को ध्यान जरूर जाना चाहिए।

## जिले में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

0 किसी भी प्रकार के भ्रम अथवा अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील

0 कलेक्टर ने उपभोक्ता की मांग व खपत अनुसार पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति बनाये रखने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। जिले में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है एवं पेट्रोल व डीजल पम्पों को यथाशीघ्र स्टॉक की आपूर्ति ऑयल कम्पनियों के डिपो से लगातार की जा रही है। जिले में पेट्रोल व डीजल पम्प की कुल संख्या 130 है। जिले में पेट्रोल का 651 किलोलीटर एवं डीजल का 655 किलोलीटर स्टॉक उपलब्ध है। साथ ही वर्तमान में जिले में 5 दिवस की आवश्यकता से अधिक का स्टॉक उपलब्ध है। विगत 2 दिवस में प्रदेश के पेट्रोल व डीजल पम्प के ड्राईआउट होने की अफवाह एवं घबराहट के कारण नागरिकों द्वारा पेट्रोल व डीजल की खपत में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है एवं मांग में हुई इस वृद्धि के कारण कृत्रिम अभाव उत्पन्न हुआ है। आम उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वह किसी भ्रम अथवा अफवाह से प्रभावित होकर पैनिक खरीदी अथवा इसका संग्रहण करना प्रारंभ नहीं करें एवं केवल आवश्यकता के अनुसार ही पेट्रोल व डीजल वाहनों में रखें। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव द्वारा तीनों ऑयल कम्पनियों के सेल्स ऑफिसर एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों से पेट्रोल व डीजल की उपलब्धता एवं आपूर्ति की समीक्षा की गई है।

ऑयल कम्पनियों के अधिकारियों ने बताया कि आवश्यकता व मांग अनुसार पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति की जा रही है। कलेक्टर ने ऑयल कम्पनियों के अधिकारियों को उपभोक्ता की मांग खपत अनुसार पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति बनाये रखने निर्देशित किया है। पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति से संबंधित शिकायत हेतु कॉल सेन्टर नम्बर 1800-233-3663 या 1967 है। कलेक्टर ने मांग सामान्य होने तक जिले के सभी पेट्रोल पम्पों को 24 घण्टे आपूर्ति के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर के निर्देश पर ऑयल कम्पनियों एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के पेट्रोल व डीजल पम्पों का निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही है। जिले के पेट्रोल पम्पों हेतु पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

# प्रशासन द्वारा अवैध खाद भंडारण पर बड़ी कार्रवाई : 2300 बोरी खाद जब्त, गोदाम को भी किया सील



जिन-जिन किसानों ने खुले में खाद खरीदा वे खाद की गुणवत्ता को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं

डोंगरगढ़ (दावा)। जिला प्रशासन द्वारा अवैध खाद भंडारण के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई की गई है। कृषि, राजस्व और प्रशासनिक अमले ने माड़ीतराई गांव में ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए गोदाम से 2300 बोरी खाद बरामद किया है, जिसके बाद गोदाम को सील कर दिया गया है। पूरा मामला डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम माड़ीतराई का है। राजनांदगांव कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए कृषि, राजस्व और प्रशासनिक अमले ने टीम ने गोदाम में छापेमारी की। इस दौरान अधिकारियों को गोदाम में 2300 बोरी खाद का भंडारण मिला, जिसके दस्तावेजों और वैधता की जांच शुरू कर दी गई है। कार्रवाई के बाद मौके पर मौजूद गोदाम को तत्काल सील कर दिया गया।

ग्राम पंचायत माड़ीतराई के सरपंच प्रतिनिधि दिलीप साहू ने बताया कि जब्त खाद बेलगांव निवासी पूर्व सरपंच छबील साहू के पुत्र लेखु साहू का है। प्रशासनिक स्तर पर लेखु साहू का नाम पहले भी अवैध मुरुम और रेत के मामलों में सामने आ चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासन अब यह पता लगाने में जुटा है कि इतनी बड़ी मात्रा में खाद किस उद्देश्य से संग्रहित किया गया था, क्या इसके लिए वैध अनुमति ली गई थी और खाद का वितरण या परिवहन किन माध्यमों से किया जाना था। अधिकारियों द्वारा स्टॉक रजिस्टर, परिवहन दस्तावेज और लाइसेंस संबंधी रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं तथा संबंधित लोगों पर वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

### विभिन्न ग्रामों के बड़े किसानों के यहां डंप की जाती है अवैध खाद

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ से खैरागढ़ के मध्य क्षेत्र के बड़े किसानों एवं सोसाइटी से जुड़े व्यक्तियों के यहां भारी मात्रा में अवैध रूप से खाद का भंडारण लंबे समय से किया जा रहा है।विभाग की लापरवाही या मिली भगत के चलते आज पर्यंत यहां संभव हो पता था।किंतु वर्तमान में जिला कलेक्टर एवं डोंगरगढ़ एसडीएम एम भार्गव (आई ए एस)द्वारा किसानों के हित में लिए जा रहे अनेक निर्णय से अवैध कारोबार करने वाले वालों के हौसले पस्त हो गए हैं। शुक्रवार को ग्राम बेलगांव से लगे अनेक ग्रामों में अवैध रूप से खाद का भंडारण करने की जानकारी के तहत जिला खाद्य अधिकारी के दल द्वारा आरोपियों के यहां छापा मार करवाई की गई।

# घुमका चुनाव: रमेश डाकलिया व हेमंत वैष्णव कांग्रेस पर्यवेक्षक नियुक्त





राजनांदगांव (दावा)। घुमका जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ने घुमका नगर पंचायत के प्रथम चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज जी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों के चयन हेतु वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। जारी आदेश के अनुसार पूर्व निगम अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश डाकलिया तथा पूर्व जनपद सदस्य, पूर्व ब्लॉक युवक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री हेमंत वैष्णव को घुमका नगर पंचायत चुनाव हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि दोनों पर्यवेक्षक स्थानीय कांग्रेसजनों, वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों से व्यापक रायशुमारी कर जीतने योग्य, सक्रिय एवं जनस्वीकार्य प्रत्याशियों के नाम जिला कांग्रेस कमेटी को सौंपेंगे, ताकि संगठन मजबूत रणनीति और जनता के विश्वास के साथ चुनाव मैदान में उतर सके। प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने बताया कि उक्त नियुक्ति की विधिवत जानकारी प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव एवं प्रदेश संगठन प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंन्दू एवं डोंगरगढ़ विधायिका हर्षिता स्वामी बघेल को प्रेषित कर दी गई है।

जनता की पसंद, संगठन की ताकत और जीत का संकल्प लेकर मैदान में उतरेगी कांग्रेस

विपिन यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूर्ण पारदर्शिता, संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं की राय के आधार पर प्रत्याशियों का चयन करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि घुमका नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूरी शक्ति, एकजुटता और जनसमर्थन के साथ ऐतिहासिक विजय हासिल करेगी।

## भाजपा ने घुमका नगर पंचायत पार्षद प्रत्याशियों की सूची जारी की

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ विधानसभा के नवगठित नगर पंचायत घुमका की सभी 15 अधिकृत पार्षद प्रत्याशियों की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, महामंत्री संगठन पवन साय, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से चुनाव संचालक समिति की अनुशंसा से जारी की है। जिसके अनुसार वार्ड नं. 1 श्रीमति इंद्राबाई वर्मा, वार्ड नं. 2 किशन सिंह चंदेल, वार्ड नं. 3 देवेन्द्र बघेल, वार्ड नं. 4 शैलेन्द्र वर्मा, वार्ड नं. 5 रूपनारायण साहू, वार्ड नं. 6 दिलीप पटेल, वार्ड नं. 7 गोविन्दा यादव, वार्ड नं. 8 बहलराम वर्मा, वार्ड नं. 9 श्रीमती निशा वर्मा, वार्ड नं. 10 रोशन वर्मा, वार्ड नं. 11 खिलेश कुमार यादव, वार्ड नं. 12 श्रीमती सुनीता गंगेश्वर वर्मा, वार्ड नं. 13 श्रीमती लोकेश्वरी पात्रे, वार्ड नं. 14 आलोक कुमार भारती, वार्ड नं. 15 श्रीमती रूखमणी बाई वर्मा को पार्षद प्रत्याशी घोषित किया है।

# नियमानुसार भंडारण नहीं करने पर उर्वरक गोदाम को किया गया सील

मेसर्स माँ शीतला कृषि केन्द्र को नोटिस जारी



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने खरीफ 2026 में जिले के किसानों को सहकारी व निजी क्षेत्रों से आवश्यक मात्रा में उर्वरकों का वितरण सुगमता एवं पादर्शिता से करने तथा अवैध रूप से उर्वरकों के भण्डारण एवं कालाबाजारी को रोकने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। इसी कड़ी में कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बेलगांव में मेसर्स माँ शीतला कृषि केन्द्र के परिसर एवं कृषि केन्द्र के ग्राम माड़ीतराई में स्थित गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम परिसर में भण्डारित खाद किसान सुपर पाउडर लगभग 300 बोरी, एनएफएल यूरिया-290 बोरी, एनपीके 20:20:10-580 बोरी, एमओपी आईपीएल-273 बोरी, एनपीके 28:280:0-18 बोरी, डीएपी आईपीएल-52 बोरी, यूरिया एचयूआरएल-65 बोरी तथा किसान सुपर दानेदार 675 बोरी, इस प्रकार कुल अवैध रासायनिक उर्वरक भण्डारण लगभग 2253 बोरी पाया गया। टीम द्वारा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खण्ड-7 का उल्लंघन पाये जाने के फलस्वरूप भंडारित उर्वरकों का जप्ती एवं सुपुर्दगी की कार्रवाई करते हुए गोदाम को सील किया गया है। उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के धाराओं के उल्लंघन के संबंध में संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेज एवं साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने की दशा में आगामी कार्रवाई की जाएगी। अवैध खाद के भण्डारण पर जप्ती की कार्रवाई के समय उर्वरक निरीक्षक, सहायक संचालक कृषि श्रीमती संध्या कोचरे, सहायक संचालक कृषि डॉ. बीरेन्द्र अंनत, कृषि विकास अधिकारी डोंगरगढ़ श्री पीके नाग एवं राजस्व निरीक्षक शिवेन्द्र मिश्रा, क्षेत्रीय पटवारी प्रकाश चंद्राकर उपस्थित थे।

# सौर ऊर्जा से जगमगाया ग्राम भोथीपारखुर्द, कलेक्टर सूर्यसभा में हुए शामिल

जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मिल रही अभूतपूर्व सफलता

0 ग्राम भोथीपारखुर्द में 22 घरों में सौर पैनल स्थापना कार्य पूर्ण कर कनेक्शन चालू

0 ग्राम में बहुतायत सोलर कनेक्शन लगने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल





राजनांदगांव (दावा)। जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को अभूतपूर्व सफलता मिल रही है। जिला प्रशासन के प्रयासों ने योजना को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाकर स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भोथीपारखुर्द में आयोजित सूर्यसभा में शामिल हुए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित रही। ग्राम भोथीपारखुर्द में 22 घरों में सौर पैनल स्थापना कार्य पूर्ण कर कनेक्शन चालू हो गया है। वहीं 21 घरों में सौर पैनल कनेक्शन का कार्य प्रगति पर है। साथ ही लगभग 10 नये आवेदन वेंडर चयन हेतु प्रक्रियाधीन हैं। इस तरह ग्राम भोथीपारखुर्द सौर ऊर्जा से जगमगा उठा है। ग्राम में बहुतायत सोलर कनेक्शन लगने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। विद्युत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे है।

कलेक्टर ने कहा कि भारत सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना महत्वाकांक्षी पहल है। जिसका उद्देश्य देश के हर घर तक मुफ्त बिजली पहुंचाना है। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं के घरों में रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित करना है तथा बिजली बिल मुफ्त अथवा बहुत कम करना है। इस योजना के तहत रूफटॉप सोलर पैलन लगाने के लिए भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने और सौर ऊर्जा अपनाने प्रेरित करने की दृष्टि से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में सक्रिय भागीदारी करने वाले दो लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इससे अन्य नागरिकों को भी प्रोत्साहन मिला। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा सतत मॉनिटरिंग, नियमित समीक्षा और फील्ड स्तर पर किए गए प्रयासों ने इस अभियान को जनआंदोलन का रूप दे दिया है। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से ऐतिहासिक पहल का हिस्सा बनने और अपने घरों में सौर पैनल स्थापित कर स्वच्छ सस्ते एवं निरंतर ऊर्जा स्रोत से सशक्त बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीसीएल कौशलेन्द्र पाण्डेय, जनपद सीईओ मनीष साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सोमनी पुलिस ने धारदार हथियार से डराने धमकाने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार




राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने-धमकाने वाले आरोपी को धर दबोचा है वहीं क्षेत्र में लोगों से अनावश्यक वाद-विवाद करने वाले 3 असामाजिक तत्वों के खिलाफ भी कार्रवाई की है और उन्हें गिरफतार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

सोमनी थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में सोमनी थाना क्षेत्र में अपराध के रोकथाम व नियंत्रण तथा काननू व शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु नशे के खिलाफ सतत अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत उनके नेतृत्व में ग्राम देवादा में धारदार हथियार लेकर आम लोगो को डरा धमका रहे दानीराम निर्मलकर पिता स्व. मंशाराम निर्मलकर उम्र 32 साल ग्राम देवादा के कब्जे से एक लोहे का चाकूनुमा हथियार को जप्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया है। श्री नामदेव ने बताया कि इस तारतम्य में ग्राम सोमनी बाजार चौक में लोगों से अनावश्यक वाद विवाद कर रहे गजेन्द्र निषाद पिता स्व. कमल कुमार निषाद उम्र 27 साल निवासी खपरीकला बजरंग चौक व आशीष यादव पिता जालेश्वर यादव उम्र 24 साल निवासी खपरीकला बजरंग चौक तथा खोमू साहू पिता शौफलाल साहू उम्र 26 साल निवासी मान चौक अंजोरा को प्रतिबंधित करने धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया है।

# केंद्र की आर्थिक नीतियों पर कांग्रेस का हमला, महंगाई-खाद संकट पर पीएम मोदी पर साधा निशाना



राजनांदगांव (दावा)। इंडियन नेशनल कांग्रेस की पत्रकार वार्ता में केंद्र की केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक नीतियों पर जमकर निशाना साधा गया। पत्रकार वार्ता को मुख्य रूप से पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल संकट, गैस की कीमतों में वृद्धि और उर्वरकों की कमी से आम जनता तथा किसान परेशान हैं। ऐसे समय में प्रधानमंत्री द्वारा कम उपयोग और बचत की अपील करना जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है।

श्रीमति भेड़िया ने आरोप लगाया कि किसानों को समय पर खाद नहीं मिलने से खेती प्रभावित हो रही है और उत्पादन लागत बढ़ती जा रही है। छत्तीसगढ़ में लगभग 15 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों की आवश्यकता है, लेकिन पर्याप्त मात्रा में खाद सोसायटियों तक नहीं पहुंच पा रही है। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करने वाली सरकार अब किसानों को कम उर्वरक उपयोग करने की सलाह दे रही है। उन्होंने 'वर्क फ्रॉम होम' संबंधी अपील पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मजदूर, फेरीवाले और दुकानदार घर बैठकर काम नहीं कर सकते। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि खाद्य तेल, गैस, दाल और सब्जियों सहित आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ गया है। पेट्रोल-डीजल पर बढ़े टैक्स और जीएसटी को भी महंगाई का बड़ा कारण बताया गया। कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं और विशेष विमानों पर होने वाले खर्च पर भी सवाल उठाए। पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष विपिन यादव, श्रीकिशन खंडेलवाल, कमलजीत सिंह पिंटू, रुपेश दुबे, अनीश खान, पंकज बांधव मौजूद रहे।

# शार्ट सर्किट से राइस मिल में लगी आग, मिल मालिक का हुआ लाखों का नुकसान



दमकल कर्मचारियों ने पहुंच कर आग पर पाया काबू

राजनांदगांव (दावा)।इन दिनों भीषण गर्मी के चलते आग लगने की घटनाए बढ़ गई है। शहर में गत दिनों जल संसाधन विभाग के समीप कैलाश नगर रोड में एक चलती कार में आग लग गई। दमकल कर्मियों के समय पर नहीं पहुंच पाने के चलते उक्त कार धूं-धूं कर जलती रही। गनीमत है कि आसपास के लोगों ने जलती कार में पानी उलीच कर किसी तरह आग बुझाई। इसी तरह शहर के भारत माता चौक समीप स्थित एक विद्युत पोल में अचानक आग लग गई। तारों के मकड़जाल से घिरे उस खंभे से चिनगारियों उठने लगी तो आसपास के लोगों भागे। दमकल विभाग को सूचना देने पर उक्त आग को बुझाया जा सका।

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पार्री स्थित एक राइस मिल में बुधवार को अचानक आग लग गई। जिस वक्त वहां आग लगी मिल में बारदानों व धान तथा चावल का बड़ा जखीरा रखा हुआ था। आग की वजह से बारदाने सहित धान चावल का जखीरा सब जलकर स्वाहा हो गया। राइस मिल संचालक सुरेश अग्रवाल के अनुसार आग कैसे लगी यह पता नहीं चल पाया है वहीं इस आगजनी से उसे बड़ा नुकसान हुआ है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com